26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 21 दिसम्बर, 2025

अंक- 58 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# कुर्क होगा बिजनौर डीएम का सरकारी आवास!

## लैंड एक्विजिशन ट्रिब्यूनल ने दिया आदेश

बिजनौर (चिंगारी)। भूमि अधिग्रहण से जुड़े एक मामले में लैंड एक्विजिशन ट्रिब्यूनल मुरादाबाद ने आदेश जारी करते हुए बिजनौर जिलाधिकारी के सरकारी आवास को कुर्क करने के आदेश दिये हैं। यह आदेश ट्रिब्यूनल के न्यायाधीश श्री जैगमउद्दीन द्वारा पारित किया गया। यह मामला लंबे समय से विचाराधीन इज़राहे वाद उमेश बनाम सरकार से जुड़ा है। अदालत के अनुसार सिंचाई विभाग द्वारा याचिकाकर्ता को 25 लाख 23 हजार रुपये का मुआवजा भुगतान न किये जाने के कारण यह कार्रवाई की गई।



ट्रिब्यूनल के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कुर्की के दौरान आवास का कोई हस्तांतरण नहीं किया जाएगा, न ही उससे किसी प्रकार का आर्थिक लाभ लिया जा सकेगा। हालांकि जिलाधिकारी द्वारा आवास का उपयोग शासकीय कार्यों के अनुरूप किया जाता रहेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि लैंड एक्विजिशन ट्रिब्यूनल मुरादाबाद के न्यायाधीश श्री जैगमउद्दीन द्वारा सिंचाई उनके न्यायालय में लम्बे समय से विचाराधीन इजराहे वाद उमेश बनाम सरकार में सिंचाई विभाग द्वारा पिटीशनर को 25 लाख 23 हजार रुपये का भुगतान न किये जाने के कारण डीएम आवास बिजनौर को कुर्क करने के आदेश पारित किये गये हैं। प्रयास किया जाएगा कि अगली तारीख से पूर्व शासन से उक्त धनराशि सिंचाई विभाग को रिलीज कर दी जाये ताकि नियमानुसार पिटीशनर को भुगतान किया जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह भी जांच कराई जाएगी कि किस अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही के कारण यह डिमांड शासन को भेजने में देरी की गई। उक्त सभी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

### चार वर्षों से लंबित था मामला

**यह मामला करीब चार वर्षों से निष्पादन वाद के रूप में लंबित था। अदालत पहले ही सीपीसी की संबंधित धाराओं के तहत नोटिस और कार्रवाई कर चुकी थी, इसके बावजूद भुगतान नहीं हो सका, जिस पर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया।**


## आवश्यकता

अग्रेजी, साइंस, मैथ्स जूनियर कक्षा व सेकेन्डरी कक्षाओं को पढ़ाने हेतु अनुभवी अध्यापकों/ अध्यापिकाओं की। बिजनौर, झालू, खारी, बरूकी, ऊमरी के रहने वालो को वरीयता दी जायेगी।

वेतन योग्यतानुसार। अपने मूल प्रमाण पत्रों व फोटो कॉपी सहित शीघ्र सम्पर्क करे।

**(प्रबधंक)**

**मॉडर्न पब्लिक स्कूल, इंग्लिश मीडियम ग्राम-गगोड़ा शेख (नियर झालू 4 किमी.) मो. न. 9411225109, 9634400319**


## द अफ्रीका में हुयी गोलीबारी में दस लोग की मौत

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी/चिंगारी)। दक्षिण अफ्रीका में जोहान्सबर्ग के पास हुयी गोलीबारी की घटना में कम से कम 10 लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए है। एएफपी ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने जोहान्सबर्ग के पास एक गांव में गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार हमलावर के मकसद का अभी भी पता नहीं चला है।**

# महंगा होगा रेल का सफ़र

## 26 दिसंबर से बढ़ेगा किराया

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा एलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराये में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा। हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है। रेलवे के अनुसार, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर पटना से दिल्ली की दूरी करीब 1000 किलोमीटर है। ऐसे में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे। रेलवे का अनुमान है कि इस किराया समायोजन से उसे करीब 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। रेलवे के मुताबिक, इस राशि का उपयोग परिचालन लागत को संभालने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा।









## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 22 दिसम्बर 2025**

मेष- मनोवांछित सफलता, शिक्षा में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, कर्ज की निवृत्ति, यात्रा सकुशल।

वृषभ- आज दिन 10/07 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, विवाद की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, इच्छा की पूर्ति, विवाद समापन।

मिथुन- आज दिन 10/07 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, संत समागम, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोध की अधिकता, मानसिक तनाव।

कर्क- नवयोजना की शुरुआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, खुशी भी।

सिंह- दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य, इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मानसिक शांति, शत्रु परास्त, हर्ष भी।

कन्या- आज दिन 10/07 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन कष्टमय, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

तुला- आज दिन 10/07 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा सफल, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिंतित, घरेलू परेशानी, मानसिक तनाव।

वृश्चिक- किसी योजना की शुरुआत, पुराने विवाद का समापन, आशानुकूल घटना घटित, स्वाध्याय में रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क।

धनु- आरोग्य सुख में वृद्धि, व्यक्तित्व का विकास, भौतिक सुख के साधन सुलभ, आकस्मिक लाभ, पारिवारिक सौहार्द, मौजमस्ती के निमित्त व्यय।

मकर- आज दिन 10/07 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।

कुम्भ- आज दिन 10/07 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद संभव, शत्रु सक्रिय, लाभ में कमी।

मीन- विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि विकास, व्यावसायिक प्रगति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# उपमुख्यमंत्री ने विदुर ब्रांड को सम्मानित किया

## राजभवन, लखनऊ में हुआ सम्मान समारोह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा राजभवन लोक निर्माण, लखनऊ में आयोजित एक गरिमामय समारोह में जनपद बिजनौर को 'स्वदेशी से स्वरोजगार' की भावना को साकार करते हुए VIDUR ब्रांड के अंतर्गत उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

यह सम्मान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM) द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिलाओं के माध्यम से VIDUR ब्रांड के सफल संचालन, स्थानीय उत्पादों के मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं विपणन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

VIDUR ब्रांड के माध्यम से जनपद बिजनौर में खाद्य उत्पाद, स्वच्छता एवं स्वावलंबन से जुड़े उत्पाद, हस्तशिल्प, काष्ठकला, वस्त्र एवं अन्य स्थानीय उत्पादों को एक सशक्त पहचान प्रदान की गई है। इससे ग्रामीण महिलाओं को स्थायी आजीविका के अवसर प्राप्त हुए हैं तथा Vocal for Local एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को जमीनी स्तर पर मजबूती मिली है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वारा जनपद बिजनौर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा गया कि VIDUR ब्रांड जैसे नवाचार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के




साथ-साथ महिला सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं और अन्य जनपदों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

समारोह में जनपद बिजनौर के समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे तथा जनपद प्रशासन, NRLM/UPSRLM टीम एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की गई।

यह सम्मान जनपद बिजनौर के लिए गौरव का विषय है और भविष्य में VIDUR ब्रांड के माध्यम से अधिकाधिक ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रेरणा प्रदान करेगा।

# आशुतोष ने अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा में 11वीं रैंक प्राप्त की



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी आशुतोष कुमार पुत्र अभिनंदन सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2025 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में अखिल भारतीय रैंक 11 प्राप्त कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है।

आशुतोष कुमार ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड से स्नातक अभियंत्रण (बीटेक) तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की से स्नातकोत्तर अभियंत्रण (एमटेक) की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम में ही हुई, जबकि कक्षा सात से बारहवीं तक की पढ़ाई प्रियंका मॉडर्न स्कूल, धामपुर से संपन्न की। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों, ग्रामीणों और शिक्षकों ने आशुतोष कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर 7 हाथियों की मौत, ट्रेन के 5 डिब्बे-इंजन पटरी से उतरे

**नगांव/गुवाहाटी ( एजेंसी/चिंगारी )।** असम के होजाई जिले में हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा कल सुबह 2:17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुआ। शुरुआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। नगांव के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा होने की आशंका है। मृत हाथियों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे हैं। नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि हादसा गुवाहाटी से करीब 126 किलोमीटर दूर लुमडिंग डिवीजन के तहत जमुनामुख-कांपुर सेक्शन में हुआ।



# कभी साइकिल से चलता था, अब मर्सिडीज-लैंबॉर्गिनी जैसी गाड़ियां..

**उन्नाव ( एजेंसी/चिंगारी )।** यूपी के उन्नाव के खजूर गांव निवासी 26 वर्षीय यूट्यूबर अनुराग द्विवेदी सट्टेबाजी के अवैध कारोबार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की रडार पर है। साल 2017 में सट्टे में पैसे हारकर दिल्ली भागे अनुराग ने ड्रीम-11 और खुद के फैंटेसी ऐप के जरिए करोड़ों की संपत्ति बनाई। वर्तमान में दुबई में रह रहे अनुराग ने हाल ही में अपनी प्रेमिका से वहां शादी की थी। ईडी ने लखनऊ और उन्नाव समेत उसके ठिकानों पर छापेमारी कर करोड़ों की चल-अचल संपत्ति और लग्जरी कारें फ्रीज की हैं। इस कार्रवाई के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है और परिजन डरे हुए हैं। अनुराग





द्विवेदी का सफर बेहद साधारण था। गांव में साइकिल चलाने वाले अनुराग को क्रिकेट सट्टे की लत लगी और वह पिता की डांट के डर से दिल्ली चला गया। वहां उसने फैंटेसी क्रिकेट के जरिए अपनी किस्मत बदली और यूट्यूब सेंसेशन बन गया। 7 जनवरी 2024 को उसने लखनऊ में बड़ा मीट-अप भी आयोजित किया था। आज उसके पास आलीशान महल जैसा घर और महंगी कारों का काफिला है। दिसंबर 2024 में अनुराग उस वक्त चर्चा में आया जब उसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी और एक करोड़ की रंगदारी मांगी। सुरक्षा के डर से उसने यूपी पुलिस से मदद मांगी थी। नवंबर 2025 में अनुराग ने दुबई के एक होटल में शादी की, जिसमें गांव के 25 लोगों को हवाई जहाज से बुलाया गया था। अब ईडी उसके इसी विदेशी निवेश और हवाला नेटवर्क की जांच कर रही है।

# हादी के जनाजे में हज़ारों लोग शामिल हुए



ढाका ( एजेंसी/चिंगारी )। बंगलादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को जुलाई विद्रोह के प्रमुख चेहरे शरीफ उस्मान हादी की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। प्रमुख राजनीतिक दल अवामी लीग विरोधी और भारत विरोधी बयानों के लिए पहचाने जाने वाले हादी को बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने शहीद का दर्जा दिया है। बंगलादेश ने इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी के लिए राजकीय शोक मनाया। हादी की दो दिन पहले हुई मौत के बाद देश भर में हिंसा की लहर फैल गई थी। राष्ट्रीय संसद परिसर में आयोजित अंतिम संस्कार में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस, सलाहकार परिषद के सदस्य, सेना प्रमुख और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सरकार ने 20 दिसंबर को राष्ट्रीय शोक घोषित किया था। इसके तहत सरकारी और निजी भवनों सहित विदेशों में स्थित दूतावासों में राष्ट्रध्वज आधा झुका रहा। मुख्य सलाहकार यूनुस ने हादी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा और वे पीढ़ियों तक प्रेरणा बने रहेंगे।

# 'राम के नाम की योजनाएं नहीं होंगी तो क्या अल्लाह के नाम की ...'



भदोही ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव ने हिंदुत्व और भगवान राम को लेकर जोरदार बयान दिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचीं अपर्णा यादव ने कहा कि देश में यदि भगवान राम के नाम की योजनाएं नहीं होंगी तो क्या अल्लाह के नाम पर योजनाएं चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं और राम के नाम से जुड़ी योजनाओं पर आपत्ति करना उचित नहीं है। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदू समाज से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार किसी से छिपे नहीं हैं। ऐसे हालात में सभी हिंदुओं को एक रहना होगा और समाज की रक्षा के लिए संकल्प लेना होगा।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं
अन्य सेवाएं-
➤100 गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)
डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
• अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
• बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
• आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
• नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
• काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
• पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
• कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

Hero
VIDA
VIDA EVOOTER | VX2
PROUD WINNER OF
ELECTRIC 2-WHEELER OF THE YEAR ★ 2025

10,000 रुपये तक का फायदा
आवश्यकता है दो कुशल फील्ड एग्जीक्यूटिव की
आकर्षक उपहार
Awarded for Performance, Design Innovation & Real-World Impact.
New Delhi
Jagran hi tech Awards 2025
कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

# शिकायतों का ऐसा निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादी भी संतुष्ट हो जाये : डीएम

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिये कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते समय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें। शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सकें।



जिलाधिकारी तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जनशिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। तहसील दिवस के मौके पर कुल 149 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बाज़ार में भिड़े दो आवारा सांड हो सकता था कोई कांड

**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर में घूमने वाले दो आवारा सांडों के आपस में भिड़ जाने से बाज़ार में अफरा-तफरी मच गई। इस झगड़े से मौके पर भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात बाजार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास उस समय हड़कंप मच गया कि जब नगर में आवारा घूमने वाले दो सांड वहां आकर आपस में भिड़ गए। बीच सड़क पर सांडों में हुए झगड़े से आसपास के दुकानदारों व राहगीरों में हड़कंप मच गया और रास्ता बंद हो जाने से दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान झगड़ते-झगड़ते सांडों ने वहां रखे कूड़ेदान को भी उठाकर फेंक दिया, जिससे पूरी सड़क पर कूड़ा फैल गया। काफी देर तक चले इस झगड़े के बीच कुछ लोगों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह लड़ रहे सांडों को वहां से भगाया। नुकसान होने को लेकर आशंकित और भयभीत सांडों के चले जाने पर आसपास के दुकानदारों ने झगड़ा खत्म होने पर राहत की सांस ली। कुछ युवकों द्वारा सांड की लड़ाई की बनाई गई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।



# दुल्हन की विदाई के समय फेंके गये नोट उठाने के चक्कर में कई बच्चे गाड़ी की चपेट में आने से घायल



घायल बच्चे सुहेल, इस्मा और नूर मोहम्मद

**नांगल सोती (चिंगारी)।** दुल्हन की गाड़ी पर फेंके जा रहे नोट उठा रहे आधा दर्जन बच्चे उसी गाड़ी की चपेट में आ गये तथा गाड़ी का पहिया उनके पैरों के ऊपर से उतर गया। गनीमत रही कि किसी बच्चे को ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई और बड़ी घटना घटने से बच गई।

शनिवार को ग्राम जीतपुर निवासी रईस अहमद की पुत्री की बारात मंडावली क्षेत्र के ग्राम नवादा से आयी थी। शाम लगभग साढ़े पांच बजे दुल्हन की विदाई हो रही थी। खुशी में दुल्हन की गाड़ी के ऊपर नोट (रुपये) फेंके जा रहे थे। फेंके गये नोट उठाने के चक्कर में आधा दर्जन बच्चे दुल्हन की गाड़ी की चपेट में आ गये। उनके पैरों के ऊपर से या पैरों के पास से गाड़ी का पहिया उतर गया, इससे बैंकेट हॉल में हड़कंप मच गया। जिनके बच्चे घायल हुए उनकी गाड़ी चालक से झड़प हो गयी। झगड़े की आशंका को देखते हुए कुछ लोगों ने चालक को गाड़ी सहित वहां से निकाल दिया। घायल बच्चों को नांगल के एक क्लीनिक में भर्ती कराया गया। घायल बच्चों में जोया (9 वर्ष) पुत्री नईम अहमद, नूर मोहम्मद (13 वर्ष) पुत्र खुर्शीद अहमद, सुहेल (6 वर्ष) पुत्र हाशिम, इस्मा (10 वर्ष) पुत्री असलम, तहजीब (10 वर्ष) पुत्र वसीम निवासीगण ग्राम जीतपुर (नांगल) तथा जुनैरा (10 वर्ष) पुत्री अशरफ निवासी चांदपुर शामिल हैं। चिकित्सक ने बताया कि किसी बच्चे को ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई है। ग्रामीणों का कहना है कि बहुत बड़ी घटना घटने से बच गई।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# गज शावक को माला पहनाई, खुशी-खुशी दी विदाई

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** बढ़ापुर रेंज में बूढ़ी एवं बीमार मां द्वारा 18 दिन पूर्व जन्म देने के तुरंत छोड़े गए नवजात गज शावक को आखिरकार ठिकाना मिल गया है। वाइल्डलाइफ चीफ के आदेश पर बेबी एलिफेंट को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के लिए रवाना कर दिया गया है। वन अधिकारियों व कर्मचारियों ने नन्हे मेहमान को फूलमाला पहनाकर ससम्मान विदा किया। गौरतलब है कि बीते 2 दिसंबर को बढ़ापुर रेंज की कक्ष संख्या 6, रामजीवाला में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को एक नवजात हाथी का शावक झुण्ड से बिछड़ा हुआ मिला था। तब वह मात्र दो दिन का था। झुण्ड से बिछड़े नवजात शावक को उसकी मां से मिलाने तथा उसे उपचार देने के लिए हाथी विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों को पीलीभीत व मथुरा से बुलाया गया था। वन अधिकारियों की माने तो उन्होंने नवजात शावक को उसकी मां से तीन बार मिला दिया था किंतु नवजात की मां बहुत अधिक बूढ़ी होने के कारण उसे अपना नहीं पाई थी। नवजात को मां से मिलाने के प्रयास विफल होने के बाद से गज शावक का पालन-पोषण बढ़ापुर रेंज कार्यालय परिसर में वन्य जीव विशेषज्ञ चिकित्सक की देख-रेख में हो रहा था। बीते दो सप्ताह से नजीबाबाद डिवीजन के डीएफओ अभिनव राज के पर्यवेक्षण में बढ़ापुर रेंज में नन्हे मेहमान की खूब सेवा हो रही थी। शनिवार को वाइल्डलाइफ चीफ का आदेश मिलने पर बढ़ापुर रेंज के अधिकारियों ने अपने इस नन्हे मेहमान को पीलीभीत टाइगर रिजर्व पुनर्वास केंद्र के लिए रवाना कर दिया है। इस दौरान वन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बेबी एलिफेंट को फूल-माला पहनाकर उसे ससम्मान विदाई दी। इस संबंध में डीएफओ अभिनव राज ने बताया कि नन्हा हाथी पूरी तरह स्वस्थ है, अब उसका पालन-पोषण पीलीभीत टाइगर रिजर्व में होगा।



नन्हे मेहमान को विदा करते वनाधिकारी

# ब्राह्मणों ने समाज को सदैव सही दिशा दी- सुबोध पाराशर

## पंडित मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में हुआ कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह






**बिजनौर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण महासभा (पंजी.) बिजनौर के तत्वावधान में पं. मदन मोहन मालवीय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन एवं पत्रकार प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पं. अमर शर्मा की अध्यक्षता तथा डा. अशोक शर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य पं. हीरामणि भारद्वाज, आचार्य शिवकुमार शास्त्री, पं. अंबरीश शर्मा, पं. रानू पंडित, पं. विजय कौशिक तथा पं. चेतन शर्मा ने मंत्रोच्चार किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। धामपुर से पधारी कवयित्री श्रीमती शुचि शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बदायूं से पधारे कवि अरुण दीक्षित, धामपुर से पधारी कवयित्री श्रीमती विनोद शर्मा, श्रीमती शुचि शर्मा, बिजनौर के कवि डा. अशोक शर्मा, देहरादून से पधारे कवि सतेंद्र शर्मा तरंग ने काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पत्रकारों सर्वश्री अवनीश गौड़, राजनारायण कौशिक तथा विपिन भारद्वाज को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव समाज को सही दिशा प्रदान की है। शोभा शर्मा ने ब्राह्मण एकता पर बल देने के साथ ही बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया। आचार्य विनोद गोस्वामी ने ब्राह्मण महासभा के कार्यों पर चर्चा की।

जिलाध्यक्ष पं. विजय वशिष्ठ ने समाज निर्माण में पत्रकारों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। पं. टी.सी. शर्मा व डॉ. त्रिलोकचंद शर्मा ने भी विचार व्यक्त किये। भाजपा नगर अध्यक्ष पं. अकुंर गौतम, पं. आर.के. शर्मा, साहित्यभूषण पं. हितेश कुमार शर्मा, भूपेन्द्र निरंकारी, रत्नेश को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पं. भोनेंद्र कुमार शर्मा को महासभा का बिजनौर ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। महासभा के संरक्षक डा. एस.डी. शुक्ला, पं. सत्यप्रकाश शर्मा एवं पं. के.पी. शुक्ला ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### कार्यक्रम में इनका सहयोग रहा

कार्यक्रम को सफल बनाने में पं. संजय हरित, पं. अशोक कुमार शर्मा, पं. ललित कुमार शर्मा एडवोकेट, पं. मयंक पाराशर, पं. आमोक दीक्षित, पं. मनन भारद्वाज, पं. एकांत कौशिक, पं. विजय कुमार शर्मा, निधि बाला शर्मा, बबीता शर्मा, वैशाली शर्मा, रंजना हरित आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर पं. महेशचंद शर्मा, डॉ. सतेंद्र अंगिरस, पं. आलोक भारद्वाज, डा. एम.पी. मणि, पं विभोर कौशिक एडवोकेट, पं. तुषार शर्मा, श्रीमती शशीबाला शर्मा, मीनम शर्मा, शशि शर्मा, दीपा शर्मा, गीता आदि ब्राह्मण बंधुओं ने भाग लिया।

# मंडावर पुलिस ने चलाकर अभियान, साइबर ठगों से किया सावधान



**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर पुलिस की साइबर टीम ने क्षेत्र में साइबर अपराधों से बचाव के लिए एक अभियान चलाया। टीम ने थाने की सरकारी जीप पर एलईडी टीवी लगाकर ग्राम दयालवाला, शिमला नई बस्ती सहित कई अन्य जगहों पर पहुंचकर शॉर्ट बीडियोज के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। इस दौरान पंपलेट बांटे गए और मौखिक रूप से भी क्षेत्रवासियों को साइबर ठगी के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपाय बताए गए। साइबर टीम में एसआई आदेश कुमार, मिशन शक्ति प्रभारी श्रीमती प्रेरणा यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर मोनू, महिला हेड कांस्टेबल रीता तोमर, आरक्षी सुमित पंवार तथा आरक्षी नीरज कुमार शामिल रहे। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने से थाना क्षेत्र में साइबर क्राइम के मामलों में काफी हद तक कमी आई है। साइबर टीम द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश- कोई भी अनधिकृत (nauthorized) ऐप्लिकेशन अपने फोन में इंस्टॉल न करें। किसी भी अज्ञात (Unknown) लिंक को ओपन न करें। अपनी बैंक खाते से संबंधित कोई जानकारी जैसे ओटीपी पिन किसी के साथ साझा न करें। अपना आधार कार्ड या पैन कार्ड की डिटेल्स किसी को न दें। यदि कोई अज्ञात नंबर से रिश्तेदार बनकर पैसे मांगे, तो बिना कन्फर्म किए पैसे न भेजें। यदि गलती से खाते से पैसे कट जाएं या साइबर फ्रॉड हो जाए, तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। पुलिस की यह पहल न केवल लोगों को सुरक्षित रख रही है, बल्कि अपराधियों पर भी नकेल कसने में मददगार साबित हो रही है।

# रास्ते की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त किये जाने की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम तीबडी निवासी कुछ लोगों ने एक व्यक्ति पर रास्ते की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। अधिकारियों को दिये शिकायती पत्र में कहा गया है कि ग्राम निजामपुर खोड़ा में खसरा नम्बर 10 में सार्वजनिक रास्ता दर्ज है। गांव के ही रावेल सिंह ने रास्ते की भूमि के सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है, जिससे लोगों को परेशानी होगी। शिकायती पत्र में रास्ते की सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जा हटाये जाने की मांग की गयी है। शिकायती पत्र देने वालों में उपेन्द्र कुमार, ब्रजबाला, नाहर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, भूमिका आदि शामिल रहे।

# भरवाकर एसआईआर के फार्म, वोट बचाने का आह्वान

## सपा की समीक्षा बैठक



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के आवास पर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान से संबंधित एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की, जबकि मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी डॉ. रमेश तोमर रहे। डॉ. रमेश तोमर ने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान के अंतिम चरण में सतर्क रहकर वोट बचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यही वह समय है जिसमें वोट चोरी होने से बचाया जा सकता है। अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि जिस मेहनत और लगन से सपा के सिपाहियों ने काम किया है, सभी मुबारकबाद के हकदार हैं। अब हमारे सामने सिर्फ उन वोटों की रक्षा करना है जो लोग मौजूद हैं, पर उनका फॉर्म जमा नहीं हो पाया है। बैठक में पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी, डॉक्टर रहमान, महासचिव धनंजय यादव, एमएलसी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर, मदनलाल सैनी, महमूद कस्सार, प्रभा चौधरी, सतपाल सिंह, नमन प्रधान, सोनू सैनी, राधा सैनी, विमलेश चौधरी, दिनेश चौधरी, अफजाल उल हक, काशिफ खान, जुबैर अहमद सभासद, शहजाद अहमद, कसीम कुरैशी, अब्दुल वहाब, अय्यूब अहमद, वसीक कुरैशी, अफजाल पहाड़ी, अहमद खिजर खान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अखलाक पप्पू ने किया।

# प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को मण्डलायुक्त ने किया सम्मानित




विजेता छात्रों को चेक प्रदान करते हुए मंडल आयुक्त आज्जनेय कुमार सिंह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज धामपुर के अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में विजेता बने छात्र हर्ष धीमान, अक्षत चौहान व प्रिंस राजपूत को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरादाबाद मंडल आयुक्त अन्जनेय कुमार सिंह द्वारा शील्ड व 5100/- का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रश्नोत्तरी की तैयारी वरिष्ठ आचार्य दयाशंकर दुबे ने कराई थी।

इसके अलावा आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर भाषण एवं संघ ज्ञान प्रतियोगिता पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दश चौहान, द्वितीय स्थान पर राघव गिरि और तृतीय स्थान पर आदित्य सिंह, ठाकुर रवि प्रताप सिंह चतुर्थ स्थान, प्रतीक पंचम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में इनको व अभिकांत सिंह को भी पुरस्कृत किया गया।

आरएसएस ज्ञान प्रतियोगिता में ठाकुर रवि प्रताप प्रथम, आर्यन चौहान व कार्तिक द्वितीय, आदित्य धनराज व मोहम्मद आरिफ तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ शारदा के चित्र के समक्ष अन्जनेय कुमार सिंह, बृजमोहन गुप्ता चश्मे वाले व्यवस्थापक, राजवीर सिंह कोषाध्यक्ष, धर्मपाल सिंह महाशय अध्यक्ष, स्मृति मिश्रा उप जिलाधिकारी धामपुर, विनोद सक्सेना, पीयूष अग्रवाल पूर्व व्यवस्थापक द्वारा दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया गया। विद्यालय के सांस्कृतिक प्रमुख आचार्य विनय कुमार शर्मा ने गुरु वंदना प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

इस अवसर पर मंडल आयुक्त ने कहा कि मुझे ऐसे कार्यक्रम में आना बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि आप लोग टॉपर्स हैं, आपको संस्कार और मार्गदर्शन मिलता है। हमें मां सरस्वती की प्रार्थना ज्ञान बुद्धि के लिए करनी होती है। ज्ञान सबको समान मिलता है। उन्होंने कहा कि मानव स्वभाव बातों से प्रभावित होता है। प्राचीन काल में गुरुकुल शिक्षा में भगवान राम और कृष्ण पढ़ते थे उस समय मौखिक शिक्षा पर चर्चा द्वारा परीक्षा होती थी, लेकिन आज समय बदल गया है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष महाशय धर्मपाल सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन आचार्य रामजी पांडे व उप प्रधानाचार्य कद्यवेंद्र सिंह ने किया।

# सैनी समाज अपनी शक्ति का आंकलन व मूल्यांकन करे : राजकुमार सैनी

## सूर्यवंशी सैनी संगठन ने मनाई महाराजा शूरसेन जयंती



संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए सैनी समाज।

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन द्वारा महाराजा शूरसेन जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश से पधारे पूर्व सांसद एवं राज्य मंत्री, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी का सैनी समाज की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सैनी समाज किसी भी राजनीतिक दल के बहकावे में न आकर अपने भीतर छिपी हुई शक्ति का आकलन और मूल्यांकन करें। किसी भी प्रकार की गुलामी को स्वीकार न करते हुए स्वतंत्र रूप में अधिकारों को प्राप्त करते हुए स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की ख्याति और उपलब्धियां अर्जित करने का संकल्प लें।

नगर की स्टेट बैंक कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में नूरपुर क्षेत्र से पधारी कुंतेश देवी सैनी, माता सावित्रीबाई फुले महिला जागृति मिशन की संस्थापक तथा नगर पालिका परिषद धामपुर की सभासद पूनम सैनी एवं मोनिका सैनी ने मुख्य अतिथि राजकुमार सैनी को माता सावित्रीबाई फुले का चित्र भेंट करके सम्मानित किया।

इस अवसर पर माता द्रोपती देवी मंदिर तथा महाराजा शूरसेन के प्रतिमा स्थल को रंग-बिरंगे गुब्बारे से सजाया गया था। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय पार्षद भूपेंद्र सैनी, नगर पालिका परिषद धामपुर सभासद सोमपाल सिंह सैनी सोनू, हिमांशु सैनी, मुकुल सैनी, पूनम सैनी तथा भागीरथ सेना के प्रांतीय उपाध्यक्ष रवि शंकर सैनी, फौजी प्रथम सैनी, ग्राम प्रधान ईश्वर सिंह सैनी, समाजसेवी नितिन सैनी सर्राफ, राजपाल सिंह सैनी, खुशीराम सिंह सैनी, होश राम सिंह सैनी, जितेंद्र सैनी जीतू, सरिता सैनी, बिजनौर होराम सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रपाल सिंह शास्त्री ने की तथा संचालन सूर्यवंशी शिवम सैनी ने किया।

# बालिका विद्या मंदिर में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम



मंचासीन अतिथि।

**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्या भारती अखिल भारतीय संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम सप्तशक्ति संगम का आयोजन लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ। प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती के निर्देशन में हुये कार्यक्रम में डॉक्टर रश्मि शर्मा रावल प्राचार्या आरएसएम डिग्री कॉलेज, सुश्री अर्चना कुंतल प्रोफेसर एसबीडी कॉलेज, सुश्री रूपांजलि आचार्य, श्रीमती निर्जल उपस्थित रही। कार्यक्रम में छात्रा पीहू निराली, सोनाक्षी, प्रिया ने 'अहिल्याबाई, मीराबाई, जीजाबाई, सीता, द्रौपदी, दुर्गावती, लक्ष्मीबाई तथा पन्नाधाय कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती शोभा अग्रवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अपर्णा रानी व श्रीमती पूर्णिमा शर्मा ने किया।

# स्टेट हाईवे व नेशनल हाईवे को जोड़ने वाले चौक पर संकेतक हैं बदहाल, कोई नहीं इनका पुरसाहाल



बोर्ड पर संकेतक गायब, सीएम व डिप्टी सीएम के फोटो हुए खराब।

**धामपुर ( चिंगारी )।** सर्दियों का मौसम शुरू होते ही पिछले कुछ दिनों से सुबह-शाम कोहरे की चादर बिछने लगी है। जिससे वाहन चालकों को रात में परेशानी होनी शुरू हो गई। ऐसे में मार्ग पर संकेतक या रिफ्लेक्टर पट्टी आदि ना होने से दुर्घटना होने की संभावना बढ़ती जा रही है। धामपुर में आरएसएम कालेज के पास महाराणा प्रताप चौक हरिद्वार - काशीपुर नेशनल हाईवे को मुरादाबाद स्टेट हाईवे से जोड़ता है। लेकिन यहां लगा संकेतक बोर्ड बदहाल अवस्था में हैं, जो वाहन चालकों को दिखता ही नहीं है। इस बोर्ड पर सीएम व डिप्टी सीएम के फोटो भी बदहाल अवस्था में पहुंच चुके हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग इस ओर कोई ध्यान ही दे रहा है।

इसी के साथ धामपुर मे दुर्गा विहार कॉलोनी के पास से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है यहां से उत्तराखंड के काशीपुर से हरिद्वार की ओर जा रहा नेशनल हाईवे भी नगर के बीच नगीना चौराहे से गुजरता है। लेकिन यहां लगा संकेतक बोर्ड बदहाल है, जिस पर सबसे ऊपर लोक निर्माण विभाग लिखा है। नीचे नजीबाबाद-हरिद्वार व अफजलगढ़ के नाम लिखे हैं, लेकिन कई वर्ष पुराने इस बोर्ड की हालत यह है कि यह बुरी तरह खराब हो चुका है, नगरों के नाम व दूरी भी नहीं दिखती हैं, पास खड़े होकर ध्यान से देखने पर ही पढ़ा जा सकता है, लेकिन रोड पर चलते समय वाहन चालकों को तो दिखना बहुत कठिन है।

## डीआईजी ने लिया संज्ञान

संकेतक बोर्ड पर दोनों ओर सीएम योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य (जो लोक निर्माण विभाग के प्रभारी मंत्री हैं) के फोटो लगे हैं। लेकिन हालत यह है कि दोनों फोटो खराब हो चुके हैं। जागरूक नागरिक मंच ने इस बोर्ड को जल्द ही बदलाए जाने की मांग की है। कई बोर्ड के आगे पेड़ भी हैं, जिससे बोर्ड सही से नहीं दिखते हैं। उधर पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मुनिराज ने नेशनल हाईवे पर लगे बोर्ड की बदहाल हालात का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक बिजनौर को पत्र भेज कर पुलिस क्षेत्राधिकारी से जांच कर रिपोर्ट देने के लिए आदेशित किया है।

## सीओ का कहना है-

**इस बोर्ड के संबंध में संबंधित विभाग को अवगत कराकर जल्द ही संकेतक लगवाये जाएंगे। रात में पुलिसकर्मी भी तैनात रहते हैं।**

**-अभय कुमार पांडेय, सीओ, धामपुर**

# अल्लाह को बेहद पसंद है ग़रीबों की मदद : शेख़ सुलेमान

## नेशनल परिवार एकता संगठन ने ग़रीबों को बांटे लिहाफ



कार्यक्रम को संबोधित करते शेख़ सुलेमान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नेशनल परिवार एकता संगठन ने बढ़ती सर्दी के मद्देनजर जरूरतमंदों को लिहाफ बांटे। शनिवार की अपराह्न पूर्व चेयरपर्सनपति शेख इरशाद हुसैन सेक्रेट्री के आवास पर पूर्व विधायक एवं उ.प्र. राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन शेख सुलेमान की अध्यक्षता व पत्रकार शोएब कुरैशी के संचालन में लिहाफ वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि संगठन के उत्तराखंड प्रभारी सलीम मलिक रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में शेख सुलेमान ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना हर सक्षम व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी गरीब, बेसहारा जरूरतमंद की मदद करना अल्लाह को बेहद पसंद है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इरशाद हुसैन सेक्रेट्री ने संगठन के इस कार्य की सराहना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में भी गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग हेतु आगे आने की सलाह दी। संगठन के जिलाध्यक्ष एवं मेघपुर के प्रधानपति मौ. रिजवान ने जनवरी माह में भी संगठन द्वारा कंबल/लिहाफ वितरण कार्यक्रम के आयोजन की बात कही। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शावेज अहमद व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौ. कफील ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फुरकान अहमद, ऐश्वर्या खान, बबीता रूहेला, नदीम इदरीसी, शेख इस्लामुद्दीन, नेताजी, कामिल खान कामिल पत्रकार एसएम असलम, अमानत हुसैन, इशरत अली, अब्दुल सलाम, सुनील कुमार उर्फ सन्नी, विपिन कुमार, दिलशाद अहमद, नितिन शर्मा, सलमान अहमद, जावेद अहमद, मौ. नवेद, अरमान अहमद, ग्राम प्रधान हरीओम सिंह राठौर तथा शान मलिक आदि रहे।

# ग़रीबों को सता रही भीषण ठण्ड उनके लिये कंबल लाया मुस्लिम फंड



**मंडावर ( चिंगारी )।** मुस्लिम फण्ड द्वारा समाजसेवा के कार्य बढ़-चढ़कर किये जा रहे हैं, जिससे गरीब व जरूरतमंदों को फायदा पहुंच रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मुस्लिम फंड की मंडावर शाखा पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों को कंबल वितरित किये गये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुंशी हसीनुद्दीन रहे, जबकि संचालन शारिक अहमद ने किया। कार्यक्रम का आगाज हाफिज यूसुफ ने कुरान पाक की तिलावत व नात पाक सुनाकर किया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुस्लिम फंड के जनरल मैनेजर अकीलउद्दीन अहमद ने कहा कि मुस्लिम फंड के आजीवन सदर रहे पूर्व राज्यमंत्री राजा गजनफर अली खान का इंतेकाल हुए आज 10 साल हो चुके हैं, उनके साथ अन्य बुजुर्गों की मेहनत का नतीजा है कि आज मुस्लिम फंड लोगों की खिदमत कर रहा है। मुस्लिम फंड मंडावर गरीबों की ओर से अवाम की खिदमत करते हुए हर साल गरीब, बेसहारा को लिहाफ, कम्बल, विधवा पेंशन, गरीब लड़कियों की शादी में आर्थिक मदद करके, खिदमत की जाती है। जल्द ही मंडावर में डिग्री कॉलेज भी शुरू होगा। मुस्लिम फंड के अस्पताल में एलोपैथिक व होम्योपैथिक दवा काफी सस्ते में मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य अतिथि मुंशी हसीनुद्दीन, जनरल मैनेजर अकीलुद्दीन और सरपरस्त वजाहत उल्ला खां, शाखा मैनेजर आसिम खान, हाफिज यूसुफ, शादाब खान, ईददी कुरैशी, देवदत्त शर्मा, नासिर और समस्त मुस्लिम फंड स्टाफ का सहयोग रहा।

# दुकान में लगाकर नकब, शराब चुरा ली सब

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चोरों ने देशी शराब व बीयर की दुकान में नकब लगाकर लाखों की चोरी कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। ग्राम पूरनपुर-तीबड़ी रोड पर देशी शराब व बीयर की दुकान है। चोरों ने इस दुकान में नकब लगाकर दुकान से करीब 25 पेटी देसी शराब, 20 पेटी बीयर व गल्ले में रखे करीब 40 हजार चोरी कर लिये। शनिवार की सुबह जब स्टाफ दुकान पर पहुंचा तो उन्हें दुकान में चोरी होने का पता चला। चोर दुकान में लगे कैमरे व डीवीआर भी ले गये। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।



# विवेक विश्वविद्यालय में हुयी पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में पी.एच.डी प्रवेश परीक्षा 2025-26 आयोजित हुयी। विवेक विश्वविद्यालय में इस वर्ष पी.एच.डी प्रवेश के लिये मैनेजमेंट, कॉमर्स, एजुकेशन, कम्प्युटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, कम्प्युटर एप्लीकेशन एण्ड इर्फोमेशन टैक्नोलोजी, मैथ, फिजिक्स, कैमस्ट्री जुलोजी, बॉटनी, फार्मेसी, लॉ आदि हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे।



प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाएं चाक चौबन्ध रहीं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल के अनुसार रिसर्च को प्रमोट करने के लिये रिसर्च फेलोशिप दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इस प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के उपरान्त पात्र अभ्यर्थियों को फेलोशिप देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बिजनौर को रिसर्च के क्षेत्र में आगे ले जाना है, इसके लिये हमने उत्कृष्ट एवं नियमित रिसर्च स्कॉलर के लिये इस फेलोशिप का देने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के वाइस चॉसलर प्रोफेसर एन.के.गुप्ता ने बताया कि विवेक विश्वविद्यालय रिसर्च एप्टीटयूट प्रवेश परीक्षा में नेट एवं समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा से छूट प्रदान की गयी है। सभी प्रवेश परीक्षा में चयनित एवं नेट एवं समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थीयों का जल्द ही साक्षात्कार किया जायेगा, जिसकी घोषणा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर कर दी जायेगी।

# ज़मीन पर क़ब्ज़े को लेकर दोनों पक्षों ने अपने-अपने टैंट लगाये

## तनातनी बढ़ती देख पुलिस ने अपना ताला जड़ा

**नहटौर ( चिंगारी )।** जमीन पर कब्जे को लेकर एक पक्ष ने बैनामे के आधार पर अपना टैंट लगा दिया। दूसरे पक्ष ने पहले पक्ष के बैनामे को फ़र्ज़ी बताया। दूसरे पक्ष के समर्थन में भाकियू तोमर ने टैंट लगाना शुरू कर दिया, जिससे दोनों पक्षों में तनातनी हो गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों को हटाकर गेट पर अपना ताला लगा दिया।

मौहल्ला होलियान में सभासद मुकेश गुप्ता की जमीन है। वहीं, भारतीय किसान यूनियन के नगराध्यक्ष रिंकू राठी ने बैनामे के आधार पर उक्त ज़मीन पर अपना अधिकार बताते हुए टैंट लगा दिया। रिंकू राठी ने दावा किया कि उसने ढाई बीघा जमीन शाहरुख पुत्र इलियास निवासी हाथीवाला मंदिर से खरीदी है। सभासद मुकेश सराफा ने बैनामे को फ़र्ज़ी बताते हुए



मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राजकमल के नेतृत्व में राजस्व टीम और थानाध्यक्ष धीरज नागर के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। राजस्व विभाग की टीम ने जमीन की पैमाइश की। रिंकू राठी ने टेंट लगाकर जमीन पर अपना अधिकार बताते हुए डेरा डाल दिया। वहीं मुकेश गुप्ता के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारियों ने टेंट लगाना शुरू कर दिया, जिसको लेकर दोनों पक्षों में तनातनी शुरू हो गई। देर सायं को विवाद बढ़ने पर पुलिस ने दोनों के टेंट को उखड़वाने के बाद गेट पर अपना ताला लगा दिया। नायब तहसीलदार राजकमल ने बताया कि पैमाइश की गई है। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के टेंट को हटवा दिया गया है।

# समाजसेवा साजिद परिवार के खून में- आरके सिंह

## जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित किये

**किरतपुर ( चिंगारी )**। कांग्रेस नगर अध्यक्ष साजिद अली खां व उनके पुत्र मोहम्मद आवेश खां सी.ए की ओर से कल लिहाफ वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लगभग एक हजार जरुरतमन्दों को लिहाफ वितरित किये गये।



मुहल्ला अफगानान स्थित साजिद अली खां के आवास पर आयोजित किये गये समारोह की अध्यक्षता पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी आर.के. सिंह ने की। पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बोलते हुए आर.के. सिंह ने कहा कि समाजसेवा साजिद अली खां व उनके परिवार के खून में रची हुई है। लॉकडाउन में इनके द्वारा जो गरीबों की मदद की गई थी, वह काबिल ए तारीफ थी। यह परिवार समय-समय पर जरुरतमन्दों की मदद करता रहता है। श्रीमती ओमवती ने कहा कि किसी जरूरतमन्द की सर्दी के मौसम में लिहाफ देकर मदद करना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। साजिद अली खां ने अपने सम्बोधन में कहा कि उन्हें जरुरतमन्दों की मदद करके दिली सुकून मिलता है। इसी कड़ी में आज एक हजार लिहाफों का वितरण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुबाशिर जमा खां ने कहा कि सर्द मौसम में गरीबों व जरूरतमन्दों का ख्याल रखना चाहिए। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुदस्सिर जमा खां ने कहा कि यह एक सराहनीय कदम है। सीए आवेश खां ने कार्यक्रम में पधारे सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता साईम राजा, वरिष्ठ आसपा नेता शाहिद अली खां, अब्दुल मालिक खां, रियाज जैदी, बाबू डूंगर सिंह, मोहम्मद आरिफ एडवोकेट (बढ़ापुर), बिजनौर नगर अध्यक्ष हमायू बेग, मोहम्मद गय्यूर, वसीम, अकरम, सलेक चन्द, अनिल त्यागी, सोनी मिर्जा, जावेद खां मंडावर, एडवोकेट रफत खान, एडवोकेट अशरफ जमील, अंजुम खां, एजाज कुरैशी, मोहम्मद उजैर, मोहम्मद आसिफ, इकबाल, कारी सलीम, फाहद खां, मुफ्ती सुहेल, नावेद खां, पूर्व सभासद फिरासत अहमद, हसन अली चौधरी, सुलेमान अंसारी, हाजी नसीम अंसारी, इस्लाम मेंबर, उस्मान शूटर सहित जिले भर से आए कांग्रेसजन, धर्मगुरु तथा आम लोगों ने शिरकत की।

## रंजिशन छत से गिराकर टांग तोड़ी, पिता-पुत्रों सहित चार पर केस दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )**। छत से गिराकर पैर तोड़ने के आरोप में पिता-पुत्रों सहित चार के खिलाफ़ मामला दर्ज हुआ। कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी रहीस पुत्र लतीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले के ही शरीफ उसके पुत्र फैज व कैफ के साथ युनूस पुत्र यूसूफ ने पुरानी रंजिश की बिना पर उसके घर की टंकी तोड़ दी। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर पत्थर बरसाए तथा उसे छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे उसका पैर टूट गया। सूचना पर आसपास के लोग उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ़ कड़ी कार्यवाही करते हुए न्याय की मांग की है। पुलिस ने पिता-पुत्रों सहित चार आरोपियों के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है।

## गुनियाखेड़ी में दो के विरुद्ध मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )**। क्षेत्र के गांव गुनियाखेड़ी निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही गौतम पुत्र जगदीश सिंह व सागर पुत्र नरेश उससे रंजिश रखते हैं तथा आएदिन उससे झगड़ा करते रहते हैं। आरोप है कि गत सतरह दिसंबर को नौ बजे वह अपने घर पर था। इस दौरान गौतम व सागर उसे देखकर गन्दी-गन्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर दोनों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की तथा जमीन पर गिराकर उसके साथ लातों-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। आरोप है कि उसे बचाने आए उसके पिता हरकेश के साथ भी गाली गलौज व मारपीट की गई। तहरीर में उक्त लोगों पर उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है।

# स्टेशन रोड बनवाने का काम शुरू किया



**स्टेशन रोड पर बनाई जा रही नई सड़क का निरीक्षण करते हुए अवैध अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते एसडीएम ( न्यायिक ) आशुतोष रामप्यारे जैसवाल।**

**नगीना ( चिंगारी )**। पिछले करीब एक साल से बदहाल पड़ी स्टेशन रोड को पुन: बनवाने का कार्य पालिका प्रशासन ने प्रारंभ कर दिया है। मार्च माह में इस सड़क को बनाने का टेंडर पास हो गया था। नगर के मुख्य मार्ग एमएम इंटर कॉलेज से केनरा बैंक तक की सड़क को जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद यूं ही खराब छोड़ दी गई थी। पिछले करीब एक वर्ष से इस मार्ग पर हो रहे तमाम गड्ढों से लोग काफी परेशान हो रहे थे। सड़क का टेंडर पाने वाले ठेकेदार ने इस नई सड़क को बनवाने का काम युद्ध स्तर पर प्रारंभ करा दिया है। पहले चरण में एमएम इंटर कॉलेज से पालिका के दूसरे गेट तक की करीब 160 मीटर सड़क बनाने का काम हो रहा है।

### 24 घंटे में अतिक्रमण हटा लें

**स्टेशन रोड पर बनाई जा रही नई सड़क में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों की वजह से परेशानी उत्पन्न हो रही है। पालिका प्रशासन ने एक मिठाई विक्रेता द्वारा सड़क पर किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी से तुड़वा दिया। सड़क निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे पालिका के अधिशासी अधिकारी एसडीएम ( न्यायिक ) आशुतोष रामप्यारे जैसवाल व जेई रवींद्र कुमार ने अतिक्रमण करने वाली दुकानदारों को साफ चेतावनी दी कि 24 घंटे के भीतर अपने अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा पालिका प्रशासन खुद हटा देगा। इस मौके पर शेख जमशेद भी मौजूद रहे।**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं.- 62/ई.ई./के.भ.ख.-3/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड/प्राईस बिड/फाइनेंशियल बिड बजट/वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 05-01-2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीली बाँध के सुपरस्ट्रक्चर पर सिंथेटिक इनेमिल पेन्टिंग का कार्य | 11.61 | 23,300 | 45 दिवस | 225.00+18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | "ए", मैकेनिकल, सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश |
| A. | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय | | | | 23-12-2025 को समय 10-00 बजे से | |
| B. | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी/ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवष्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/ एक्स0 एल0 एस0 फार्मेट में। | | | | 23-12-2025 को समय 10-00 बजे से 05-01-2026 को अपरान्ह 02:00 बजे | |
| C. | निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, एवं अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में, अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, नई कालोनी, कालागढ़ कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि | | | | 05-01-2025 को अपराहन 02:00 बजे तक | |
| D. | ऑनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकल-बिड (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | 05-01-2025 को अपराहन 03:00 बजे | |
| E. | ऑनलाइन पार्ट-'बी' (वित्तीय भाग) प्राइस बिड/फाइनेंशियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | पार्ट- "ए" खोलने के उपरान्त | |
| F. | बिड खोले जाने का स्थान | | | | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ | |

निविदा सूचना, सूचना विभाग की वैब-साइट http://information.up.gov.in व सिंचाई विभाग की वैब-साइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई-प्रोक्योरमेंट वैबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, नई कालोनी, कालागढ़ के नाम केवल इन्टरनैट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी, जो निविदा के भाग-ए के साथ आवश्यक रुप से जमा किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-ए के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में ऐसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा सूचना में कोई भी संशोधन / परिवर्तन किया जाता है तो संशोधन/ परिवर्तन उक्त साइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। कृपया उक्त साइट को समय-समय पर चैक करते रहें।

नोटः— निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार को साइट की विजिट स्वयं कर लेनी चाहिए। बजट एवं साइट की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है। वर्क साइट तक ढुलाई का कार्य ठेकेदार को ही वहन करना होगा। ठेकेदारों को कार्य करने हेतु टी.एण्ड पी. एवं अन्य सामग्री की स्वयं व्यवस्था करनी होगी।

R.O.No. 242815 Date: 19-12-2025
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़

# काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम ने ग़रीबों को लिहाफ वितरित किये

## 31 वर्षों से करते आ रहे लिहाफ वितरण

नगीना ( चिंगारी )। अग्रणी समाजसेवी व काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम ने रविवार को अपने कारखाने पर हुए एक संक्षिप्त कार्यक्रम में क्षेत्र के ढाई सौ बेसहारा, निर्धन, पात्र लोगों को सर्दी से बचाव के लिए लिहाफ वितरित किए। नगर के मोहल्ला काजी सराय द्वितीय स्थित रॉयल हैंडीक्राफ्ट कारखाने पर हुए 31वें लिहाफ वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिष्ठान के स्वामी समाजसेवी जुल्फिकार आलम ने निर्धन, पात्र लोगों को अपने हाथों से लिहाफ वितरित कर किया। कार्यक्रम में अपने संक्षिप्त संबोधन में जुल्फिकार आलम ने कहा कि वह पिछले 31 वर्षों से क्षेत्र के बेसहारा, निर्धन, लोगों को भीषण सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव के लिए लिहाफ वितरण कर एक छोटी सी कोशिश करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा नेक काम है। उन्होंने सक्षम लोगों से भी लोगों की मदद में आगे आने का आव्हान किया इस मौके पर शिक्षाविद डॉक्टर दाऊद मुल्तानी, नगीना हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष इरशाद अली मुल्तानी, अतीक भारती, आफताब मुल्तानी, ऊबेदुरहमान, रफी उल शान आदि मौजूद रहे।



रॉयल हैंडीक्राफ्ट पर आयोजित लिहाफ वितरण कार्यक्रम में गरीबों को लिहाफ देते समाजसेवी जुल्फिकार आलम।

## धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सैन्ट मेरीस इंटर कॉलेज मंडावली में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने नृत्य व संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज भागूवाला के प्रधानाचार्य पंकज कुमार शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष बिशप विनसेन्ट (धर्माध्यक्ष) बिजनौर एवं गढ़वाल धर्मप्रान्त का तिलक व बैज लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद समस्त अतिथियों, विद्यालय प्रबन्धक फादर जोस आलूकल, प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर शान्ता मारिया, अभिभावक श्रीमती शबिस्ता अंसारी, शिक्षक आलोक कुमार, विद्यार्थी-गुलशबा एवं भानु प्रताप आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यार्थियों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। वार्षिकोत्सव की थीम इन्द्रधनुष पर आधारित मार्मिक पारिवारिक नाटक व विभिन्न प्रदेशों के नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। क्रिसमस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने प्रभु येशु के जन्म की महिमा का गुणगान कर क्रिसमस एवं नववर्ष की शुभकामनाएं दी। अतिथियों विशप विनसेट व प्रधानाचार्य पंकज कुमार, थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने खेल प्रतियोगिताएं, कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले व अन्य प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक त्यागी ने किया। कार्यक्रम में पंकज राठी, शैलेश कुमार, महेश कुमार, शिवओम राजपूत, रविकांत वर्मा, मुकुल राठी, मीनाक्षी बल्लभ, द्विजेंद्र त्यागी आदि स्टाफ मौजूद रहा।



क्रिसमस का कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

### स्वच्छ पत्रकारिता करने के लिए मीडियाकर्मी सम्मानित

मंडावली। सैन्ट मैरिस इंटर कॉलेज में प्रबंधक जोस आलूकल, प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी ने मंडावली क्षेत्र के पत्रकारों को निष्पक्ष एवं स्वच्छ पत्रकारिता करने के लिए क्षेत्र के मीडियाकर्मियों गजेन्द्र सिंह, चौधरी वीर सिंह, मोहित कर्णवाल, अब्दुल रहमान अल्वी, आकाश कुमार, कुलदीप त्यागी, सूर्यांशु उपाध्याय, राकेश कुमार को विशेष रूप से विद्यालय की ओर से सम्मानित किया।

## बेटी के साथ अभद्रता का विरोध करने पर पिता को चाकू घोंपा

नगीना ( चिंगारी )। बेटी के साथ अभद्रता करने वाले युवक की करतूत का विरोध करना एक पिता को भारी पड़ गया। पिता ने आरोपी युवक की इस हरकत का विरोध किया तो उसने किसान के पेट में चाकू घोप कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल किसान को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक 58 वर्षीय किसान शनिवार की दोपहर अपने खेत में पत्नी व बेटी के साथ खेती का कार्य कर रहा था। आरोप है तभी एक युवक बाइक से वहां पहुंचा तथा किसान की बेटी के साथ बदसलूकी करने लगा। युवक की हरकत से नाराज पिता ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक गुस्से में आ गया।आरोपी युवक ने किसान के पेट में चाकू घोप दिया और मौके से फरार हो गया। इस घटना में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद उसका तयेरा भाई मौके पर पहुंचा तथा गंभीर अवस्था में उसे नगीना के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंच गया। घायल किसान के तयेरे भाई ने घटना की पुष्टि की है।

### सीओ का कहना है..

पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़ित किसान खेत पर काम कर रहा था। एक युवक ने किसान से बीड़ी मांगी तथा बीड़ी नहीं मिलने पर उसने गाली गलौज करते हुए किसान को चाकू मार दिया। उनका कहना है कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीम लगा दी गई है। शीघ्र आरोपी पकड़ा जाएगा।





# गुरुद्वारा में किया गया गुरमत समागम का भव्य आयोजन

## पटियाला से आई बीबी जसप्रीत कौर ने कीर्तन से संगत को किया निहाल

**धामपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरमत समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब के पटियाला से पधारी गुरु वाणी प्रचारक बीबी जसप्रीत कौर खालसा ने गुरबाणी के अमोलक कीर्तन की प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया। नगर के समाजसेवी नितिन सैनी सर्राफ तथा उनके परिजनों को गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित गुरमत समागम का शुभारंभ गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने रहिरास साहिब जी के पाठ से किया।

इसके बाद पटियाला (पंजाब) से पधारे बीबी जसप्रीत कौर खालसा के जत्थे ने गुरबाणी के अमोलक कीर्तन की विभिन्न प्रभावी प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया।



बच्चों को सम्मानित करते हुए नितिन सैनी सर्राफ ।

इस अवसर पर ओम प्रकाश सैनी, कृष्णा देवी सैनी, राजकुमारी सैनी, समाजसेवी नितिन सैनी सर्राफ, पत्नी मालती देवी सैनी, दक्ष कुमार सैनी, गोविंद कुमार सैनी की ओर से आयोजित किए गए लंगर में कंचन देवी सैनी, दीपांशु सैनी, कुनाल सैनी, हर्षिता सैनी, हरिओम सैनी, प्रेम कुमार सैनी, अनीता देवी सैनी, मनोज सैनी, मानसी सैनी, अंशु सैनी कारीगर, बबीता चौहान का योगदान रहा। नितिन कुमार सैनी सर्राफ के सभी परिजनों को गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं उपाध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला, सह सचिव सरदार गुरुदीप सिंह चावला, रोमी आदि द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## विद्युत चोरी पकड़ी, मुकदमा दर्ज

**जसपुर (चिंगारी)।** विद्युत विभाग की टीम ने चेकिंग कर दो घरों में विद्युत चोरी पकड़ी। उपखंड अधिकारी ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उपखंड अधिकारी शैलेंद्र कुमार सैनी एवं सतर्कता इकाई के सहायक अभियंता अमित चंद्र आर्य ने विद्युत टीम के साथ ग्राम पतरामपुर में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान गुरबचन सिंह पुत्र चूड़ सिंह एवं सर्वजीत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह कटिया डालकर विद्युत चोरी करते पाए गये। टीम ने विद्युत केबिल जब्त कर कोतवाली में विद्युत चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मिल में गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केन्द्र की स्थापना

**जसपुर (चिंगारी)।** किसानों की गन्ना फसल के उपचार एवं किसानों को परामर्श के लिए चीनी मिल नादेही परिसर में गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केंद्र का गन्ना अपर आयुक्त एवं चीनी मिल नादेही प्रधान प्रबंधक चंद्र सिंह इमलाल ने किया। इस क्लीनिक के माध्यम से क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए गन्ने से संबंधित कीट, बीमारियां, फसल सुरक्षा एवं प्रबंधन, गन्ने के विभिन्न प्रजातियां, प्रयुक्त होने वाली दवाई, एवं गोदाम पर उपलब्ध होने वाली दवाइयां एवं खाद के बारे में जानकारियां प्रदान की जाएंगी। अपर आयुक्त ने किसानों से स्वस्थ प्रजाति का गन्ना बोने एवं चीनी मिल को आपूर्ति करने की अपील की। क्लीनिक संचालक डॉ. प्रियंका खैरिया ने क्लीनिक के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि गन्ना क्लीनिक प्रात: 10 से 1 बजे तक खुलेगा। इस मौके पर सीसीओ डॉ. राजीव कुमार, एससीडीआई गन्ना परिषद उदल सिंह, जगतवीर सिंह, अशोक कुमार, प्रियंका आर्य, प्रियंका बधानी, नरेंद्र सिंह, गोपाल दत्त, विनोद कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, परमेंद्र सिंह, राजकुमार, अरविंद सिंह, छोतेंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे।

## वाराणसी में हुई आईआईए की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक




**बिजनौर (चिंगारी)।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की केंद्रीय कार्यकारणी समिति की बैठक एवं आईआईए व INVEST UP के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल टूरिज्म एवं हॉस्पिटलिटी एक्सपो 18 व 19 दिसंबर को होटल ताज गंजेस वाराणसी में संपन्न हुई। एक्सपो का शुभारम्भ श्री रविंद्र जायसवाल स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया तथा उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफार्मिंग कमीशन के सी. ई. ओ एवं पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार श्री मनोज कुमार सिंह अति विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए जिन्होंने अपने संबोधन में टूरिज्म सेक्टर में अनेक सम्भावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर आईआईए डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल व बिजनौर चैप्टर चेयरमैन अवनीश अग्रवाल ने बिजनौर के औद्योगिक विकास पर श्री सिंह से वार्ता की। श्री सिंह ने बिजनौर में अनेक उद्योगो की सम्भावना पर बल देते हुए उद्योगो की समस्याओ के निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यकारणी बैठक में जनपद बिजनौर की खांडसारी इकाइयों की मंडी समिति समस्या एवं अमानगढ़ क्षेत्र में टूरिज्म इकायों की स्थापना, जनपद में ओद्योगिक क्षेत्र स्थापना में हो रही कठिनाई व अन्य प्रमुख समस्याओ पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आईआईए के उद्यमी सदस्य पदाधिकारी एवं कई देशो के राजदूत उपस्थित थे।

## शांति का अहसास कराता है ध्यान - राकेश शर्मा



**बिजनौर (चिंगारी)।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर द्वारा नेहरू स्टेडियम बिजनौर में प्रात: प्रतिदिन की भांति वॉकिंग, योग एवं ध्यान का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि ध्यान आपको शांति, सुकून और संतुलन का एहसास दे सकता है, जो आपके भावनात्मक स्वास्थ्य और आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकता है।

विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र ने ध्यान की शक्ति को स्वीकार करते हुए प्रतिवर्ष 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है। ज्ञान का अभ्यास मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ एकाग्रता को भी बढ़ाता है और सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट ध्यान का अभ्यास जरूर करना चाहिए। गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सदस्य विगत कई वर्षों से नेहरू स्टेडियम बिजनौर में प्रात: वॉकिंग एवं योग के साथ ध्यान का भी अभ्यास करते हैं। इस अवसर पर कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार, अशोक कुमार यादव, कमल वीर सिंह, बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजीव चौहान, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सोरन सिंह परिहार, अरविंद कुमार एवं श्रीमती नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को दी गुड टच-बैड टच की जानकारी

### बाल सरंक्षण एवं सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**कोटद्वार (चिंगारी)।** 'बाल अधिकार संरक्षण एवं सुरक्षा' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस ने स्कूली बच्चों को गुड टच- बैड टच, नशे से दूर रहने से लेकर डिजिटल अरेस्ट तक सुरक्षित व जागरूक किया। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं को गुड टच-बैड टच मानव तस्करी, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, पोक्सो अधिनियम, ओटीपी साझा न करने तथा नशा/ड्रग्स के दुष्प्रभावो के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए मानव हेल्पलाइन नंबर 1933 और साइबर अपराध सहायता हेतु साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। इसके साथ ही नाबालिगों से वाहन न चलाने, डायल 112, उत्तराखंड पुलिस एफ एवं गोरा शक्ति एप के बारे मैं बताया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी आयोजित कर सही उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यशाला में चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक विनोद चपराणा, महिला कांस्टेबल विद्या मेहता तथा साइबर सेल के कांस्टेबल अरविंद और होमगार्ड कंचन आदि शामिल रहे।

# ओवरब्रिज पर टूटा पड़ा बिजली का खम्भा, दुर्घटना को दे रहा दावत


ओवरब्रिज का टूटा पड़ा बिजली का खम्बा।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ओवरब्रिज के बिजली के टूटे पड़े खम्बे को सही न कराने व लापरवाही बरते जाने से किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सुरक्षा के इस मामले में विद्युत विभाग ने टालम टोली की नीति अपनाते हुए शिकायत से पल्ला झाड़ लिया है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि रायपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या-480 गढ़मलपुर में स्थित फ्लाई ओवरब्रिज का एक खंभा टूट कर ब्रिज के बराबर से गुजर रही 11 हजार की उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के पास से टच होने की स्थिति में आ गया है, जिस कारण कभी भी कोई घटना घट सकती है, जिससे फ्लाईओवर ब्रिज के एंगिलो में भी करंट आ सकता है। उक्त खंभे को सही कराया जाना जरूरी है। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया है कि स्ट्रीट लाईट को स्थापित करने व मरम्मत करने का कार्य नगर पालिका या ग्राम पंचायत का है। उन्होंने किसी भी विभाग को पत्र नहीं लिखा जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है।

**कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर ( बिजनौर )**
**दिनांक-20.12.2025**

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147(2)यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावित को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमति मोबीना पत्नी स्व. श्री मौ. सद्दीक निवासी मौ. पाधान कस्बा साहनपुर ने एक प्रार्थना पत्र दिनांक 13.11.2025 को प्रस्तुत किया। जिसमें श्रीमती मोबीना द्वारा बताया गया कि प्रार्थिनी के पति स्व0 मौ. सद्दीक पुत्र स्व0 श्री मौ0 युनुस की मृत्यु हो गयी है, प्रार्थिनी के पति के नाम एक मकान मौहल्ला पाधान कस्बा साहनपुर में है, जो दादइलाही सम्पत्ति है, उस सम्पत्ति को प्रार्थिनी अपने (मोबीना) व 03 पुत्र अशरफ अहमद, सलमान अहमद, शारिक पुत्रगण स्व0 श्री मौ0 सद्दीक के नाम करवाना चाहते है। अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को इस व्यक्ति के नाम को कर संबंधी अभिलेखों में नाम दर्ज होने पर आपत्ति हो तो वह नगर पंचायत कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत साहनपुर**
**बिजनौर**

सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक
Curing with Science & Touch of Art
डॉ. प्रगति सिंह
(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
Treatment Available :-
• बाल रोग
• स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
• त्वचा रोग
• बालों की समस्या
• थाईराइड
• हाई बी.पी.
• मधुमेह
• गुर्दे की पथरी
• जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
• साइटिका
• साइनसाइटिस (साइनस)
• दमा
• टाइफाइड, पीलिया
• कब्ज, गैस बनना, बवासीर
• अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज
परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक
SUNDAY CLOSED
97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)
+91-9528166349

KRISHNA INSTITUTE OF SCIENCE
(Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad)
Noorpur Road, BIJNOR (U.P.) 246701
IMMEDIATELY REQUIRES
ASSISTANT PROFESSORS FOR
B.C.A.
Qualification
As per UGC/Guru Jambheshwar University, Moradabad Norms.
*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Chairman or mail at krishnainstitute of science @ gmail.com* **Mob.9105108100**

## पूर्व छात्रों ने सेंट मैरिस को 1.20 लाख का योगदान दिया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेन्ट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली के पूर्व छात्र विनोद गोडीयाल व साजिद हुसैन ने विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के वेलफेयर के लिए योगदान दिया। पूर्व छात्र विनोद गोडीयाल ने विद्यालय को एक लाख रुपए नकद तथा साजिद हुसैन ने बीस हजार रुपए का चेक विद्यालय प्रबन्धक फादर जोस आलूकल को विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के वेलफेयर के लिए दिया। पूर्व छात्र विनोद गोडीयाल की मां केशो देवी विद्यालय परिवार में चतुर्थ श्रेणी के रूप में रहकर एक मां के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी है। साजिद हुसैन वर्तमान में क्षेत्र के ग्राम मीरमपुर बेगा के ग्राम प्रधान है, और गांव व समाजहित में रहकर सेवा कर रहे है। विद्यालय प्रबंधक फादर जोस आलूकल, प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी ने दोनों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्य की कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रशंसा की।

## सभासद शीराज ने अपने वार्ड में कराये रिकॉर्ड विकास कार्य

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के सबसे बड़े वार्ड नम्बर-11 ( वाहिदनगर-बांस फोड़ान ) के सभासद शीराज अहमद एडवोकेट ने बताया कि उन्होंने अपने वार्ड में अपने करीब ढाई साल के कार्यकाल में इतने विकास कार्य करा दिये है कि नजीबाबाद के सभी वार्डो में कोई भी वार्ड सभासद अपने 5 साल के कार्यकाल में इतना विकास नहीं करा पाया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह सभी कार्य चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम के सहयोग से पूरे कराए है। सभासद शीराज ने बताया कि उन्होंने अपने वार्ड में अभी तक 44 विकास कार्य कराए है, जिसमें मुख्य रूप से स्टैब्स ग्राउंड में एक करोड़ 41 लाख की लागत से ऐतिहासिक कार्य, स्टेशन वाली मस्जिद के बराबर वाली सड़क का निर्माण, नाले से लेकर इकरा पब्लिक स्कूल तक सड़क निर्माण, आगोश हॉस्पिटल से लेकर कासमिया इंटर कॉलेज तक सडक निर्माण, 40 से ज्यादा पानी के लीकेज ठीक कराए, पूरे वार्ड में विशेष रूप से साफ सफाई की व्यवस्था कराई, पूरे वार्ड में खराब लाइटें चेंज कराई, वार्ड के सभी नालों की तलछट सफाई कराई, वाहिदनगर में दो नए ट्यूबवैल एक कसमिया स्कूल के पीछे व दूसरा बस स्टॉप के पास लगवाये आदि शामिल है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 84 BNSS**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त जैद पुत्र नफीस निवासी मौ. तेलीपुरा इस्लामनगर थाना नूरपुर जिला बिजनौर ने मुकदमा अपराध संख्या 331/25 बीएनएस की धारा 115 (2)/352/351 (3)/109 (1)/333/316 (2)/324 (2)/117 (2)BNS एवं 3 (2) V SCST ACT के अधीन दण्डनीय ..... का अपराध किया है या संदेह है कि उसने किया है और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के अधिपत्र को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त जैद नाम नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त जैद नाम फरार हो गया है या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है। इसलिये इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ....उक्त जैद से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिये क्षेत्राधिकारी चांदपुर (स्थान) में तारीख 09.01.2026 को हाजिर हो।

**स्पेशल जज ( एस.सी./एस.टी. ) एक्ट**
**बिजनौर**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 84 BNSS**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त यश पुत्र जितेंद्र चौहान निवासी ग्राम अलीनगर पालनी थाना नूरपुर जिला बिजनौर ने भा.व.स. की धारा 281/109 (1) BNS व 3 (2) (V) SC/ST ACT के अधीन दण्डनीय 351/2025 का अपराध किया है या संदेह है कि उसने किया है और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के अधिपत्र को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त यश नाम नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त यश नाम फरार हो गया है या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है। इसलिये इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ....उक्त यश से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिये क्षेत्राधिकारी चांदपुर (स्थान) में तारीख 09.01.2026 को हाजिर हो।

**स्पेशल जज ( एस.सी./एस.टी. ) एक्ट**
**बिजनौर**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 84 BNSS**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त अंकुल पुत्र स्व. राकेश निवासी ग्राम अलीनगर पालनी थाना नूरपुर जिला बिजनौर ने भा.व.स. की धारा 281/109 (1) BNS व 3 (2) (V) SC/ST ACT के अधीन दण्डनीय 351/2025 का अपराध किया है या संदेह है कि उसने किया है और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के अधिपत्र को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अंकुल नाम नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अंकुल नाम फरार हो गया है या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है। इसलिये इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ....उक्त अंकुल से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिये क्षेत्राधिकारी चांदपुर (स्थान) में तारीख 09.01.2026 को हाजिर हो।

**स्पेशल जज ( एस.सी./एस.टी. ) एक्ट**
**बिजनौर**

# श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गुरमत समागम






**अफजलगढ़ (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम पेबंधखेड़ी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में सिख धर्म के दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों एवं उनकी माता गुर्जर कौर जी की महान शहादत को समर्पित दो दिवसीय गुरमत समागम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया।**

समागम के अंतर्गत गुरुद्वारे में अखंड साहिब का पाठ, लड़ीवार अखंड पाठ तथा शबद-कीर्तन का आयोजन किया गया, वहीं संगत के लिए अटूट लंगर की निरंतर सेवा चलती रही। शनिवार को आयोजित गुरमत समागम के प्रथम दिन कथावाचक भाई सर्वजीत सिंह (लुधियाना, पंजाब) ने गुरु गोबिंद सिंह के जीवन, त्याग और शहादत पर प्रकाश डालते हुए संगत को गुरु इतिहास से निहाल किया। कविश्री जत्था भाई गुरकीरत सिंह (एमए), पंजाब तथा भाई लखविंदर सिंह जी (केरीपुर) ने अपनी वीर रस से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से चारों साहिबजादों की अद्वितीय कुर्बानी और धर्म की रक्षा के लिए किए गये बलिदान का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके साहिबजादों का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जब तक हम जुल्म का विरोध नहीं करेंगे और मानवता की सेवा को अपना कर्तव्य नहीं बनाएंगे, तब तक गुरु की सिखाई राह पर चलना संभव नहीं है। समागम में गन्ना समिति अध्यक्ष मलकीत सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान गुरप्रीत सिंह, सेक्रेटरी सोहन सिंह, बाबा दलबीर सिंह फौजी, ज्ञानी सोहन सिंह, बाबा प्रगट सिंह, बाबा रशपाल सिंह, बाबा हरजीत सिंह, महेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, जसवीर सिंह, बलदेव सिंह, बीबी मनजीत कौर, सुखविंदर कौर, रणजीत कौर, सत्येंद्र कौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगत उपस्थित रही। सभी ने मिलकर गुरु चरणों में शीश नवाया और समागम को सफल बनाने में तन-मन-धन से सहयोग किया।

# ग्राम प्रधान ने वॉलीबॉल टीम को खेल सामग्री उपलब्ध कराई

## खिलाड़ियों के चेहरों पर मुस्कान आई


खिलाड़ियों को बॉल व नेट भेंट करते प्रधान पुत्र मौ. फिरोज।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** सीरवासुचंद की महिला ग्राम प्रधान श्रीमती जुबैदा शकील ने गांव के वाल्मीकि समाज को वॉलीबॉल टीम को खेल सामग्री (बॉल व नेट आदि) उपलब्ध कराई, जिस पर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने ग्राम प्रधान के सहयोग की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। नितिन, राजा, तुषार, सुधांशु, सचिन, अरविंद, राजकुमार आदि वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने कहा कि जुबैदा शकील जहां एक ओर ग्रामीणों की तमाम समस्याओं एवं ग्राम के विकास पर पैनी नजर रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने को जानी जाती है, वहीं दूसरी ओर प्रधानपति शकील अहमद एवं प्रधान पुत्र मौ. फिरोज गांव के खिलाड़ियों को समय-समय पर प्रोत्साहित कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को बढ़ावा देने का काम करते आए हैं। इस मौके पर प्रधानपति शकील अहमद ने कहा कि ग्राम के विकास एवं ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ गांव की प्रतिभाओं विशेष कर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में समय-समय पर हर संभव सहयोग किया जाता रहेगा।

# हाईकोर्ट के आदेश को लेकर आर्य समाज में हर्ष व्याप्त



**बिजनौर (चिंगारी)।** आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश 5- मीराबाई मार्ग, लखनऊ के संदर्भ में सोसाइटी रजिस्ट्रार लखनऊ मंडल लखनऊ ने आदेश पारित कर आचार्य सुदेश को प्रधान और भुवन तिवारी को मंत्री घोषित कर दिया था। इस आदेश को प्रधान श्री देवेंद्रपाल आर्य एवं मंत्री पंकज जायसवाल ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। तीन दिन बहस सुनने के उपरांत उच्च न्यायालय ने रजिस्ट्रार के आदेश को निरस्त कर दिया तथा पूर्व में कार्यरत प्रधान देवेंद्रपाल आर्य एवं मंत्री पंकज जायसवाल आर्य की कमेटी को ऑफिशियल कार्य करने के लिए कुछ बाध्यताओं के साथ अधिकृत कर दिया गया। उक्त निर्णय आने पर उत्तर प्रदेश की सभी आर्य समाज इकाइयों में हर्ष व्याप्त हो गया। इसी क्रम में आज रविवार को साप्ताहिक यज्ञोपरान्त आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर के प्रशासक रविंद्रपाल आर्य मुनी एवं बिजनौर के उपमंत्री मनजीत सिंह का उपस्थित आर्यजनों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर लखनऊ से लौटकर आए मनजीत सिंह ने उच्च न्यायालय के आदेश को पढ़कर सुनाया। स्वागत करने वालों में प्रधान डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, मंत्री हर्ष कुमार, कोषाध्यक्ष अनुपम शर्मा, प्रबंधक विजेंद्रपाल सिंह आर्य, गौरव शर्मा, हितेश शर्मा, सत्येंद्र सिंह (बुडगरा वाले) एवं अन्य आर्यजन शामिल रहे।

# विवेक हास्पिटल द्वारा नारनौर में 300 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**चांदपुर (चिंगारी)।** विवेक हास्पिटल बिजनौर की ओर से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में आंख, शुगर, थाइराइड व पेट से सम्बंधित बीमारियों से ग्रस्त लगभग 300 रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी दी गईं। शिविर में 65 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भी चयनित किया गया। खादर क्षेत्र के ग्राम नारनौर में आयोजित शिविर में डा. अर्चित कुमार, डा. शहजाद अहमद, डा. स्पर्श सोती, डा. लवकुमार शर्मा, अभिषेक बालिया, आस्था चौधरी आदि ने शिविर में आए रोगियों का परीक्षण कर बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव भी दिये। शिविर को सफल बनाने में अजय कौशिक, यशपाल सिंह, सतीश कुमार, राजकुमार, निशांत कुमार, विशाल कुमार, आदित्य कुमार, रितिक कुमार आदि का सहयोग रहा।



# किसानों ने नगीना वन क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा

## स्थायी वन चौकी, निगरानी टावर एवं विद्युत बाड़ की मांग उठाई


रेंजर को ज्ञापन सौंपते किसान।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** ग्राम मुरलीवाला में किसानों ने भाकियू (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा के नेतृत्व में वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर जंगली जानवरों से हो रहे जान-माल के नुकसान से अवगत कराते हुए भिक्कावाला पंप नहर पर स्थायी वन चौकी स्थापित कराने एवं निगरानी टावर व विद्युत बाड़ निर्माण की मांग की। किसानों का कहना था कि जंगलों से निकलकर आ रहे वन्यजीव जहां एक ओर फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं किसानों की जान का खतरा भी बने हुए हैं और कई किसानों की जान तक ले चुके हैं, जबकि तमाम किसानों को गंभीर रूप से घायल भी कर चुके हैं। किसानों ने अब तक हुए किसानों के जान-माल के नुकसान का अविलंब मुआवजा दिलाए जाने एवं मांग-पत्र में अंकित मांगों को अविलंब पूरा कराने की पुरजोर मांग की है। किसानों से मांग-पत्र लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा ने इस बाबत उच्चाधिकारियों से वार्ता कर किसानों सहित क्षेत्रवासियों की समस्याओं के हर संभव समाधान का भरोसा दिया है। किसान नेता मदन सिंह राणा के नेतृत्व में ज्ञापन देने वालों में अतर सिंह, सिकंदर, गोविंद सिंह, तुषार, हेमंत, आर्यन, गोल्डी, सुखदेव, सोनू, जोगिंदर, बिट्टू, करण सिंह, कुलजीत व महेंद्र आदि किसान शामिल रहे।

# खादर में भूमि विवाद को लेकर हुये झगड़े में दिगम्बर सिंह ने वन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गंगा खादर क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर बृहस्पतिवार की शाम को हुए झगड़े के प्रकरण में शनिवार की दोपहर किसान नेता दिगम्बर सिंह एक पक्ष के राशिद उर्फ भूरे से मिलने पहुंचे। बाद में उन्होंने खादर क्षेत्र में पहुंचकर गन्ने की फसल पर ट्रैक्टर चलाने पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों का घेराव किया। दिगम्बर सिंह का आरोप है कि वन विभाग ने कब्जाधारकों से मिलकर राशिद को पिटवाया है।

## कहा- वन विभाग ने कब्जाधारकों से मिलकर राशिद को पिटवाया है


खादर क्षेत्र में रेंजर आदि से वार्ता करते दिगम्बर सिंह।

रिजर्व फोरेस्ट की राजगढ़ रेंज के अन्तर्गत आने वाले नांगल सोती के गंगा खादर क्षेत्र में भूमि की पैमाइश तथा गन्ने की फसल नष्ट कराने को लेकर कुछ लोगों में रंजिश हो गई है। नांगल सोती निवासी राशिद उर्फ भूरे ने वन विभाग की भूमि पर गन्ने की फसल बोये जाने की शिकायत वन विभाग के उच्चाधिकारियों से लम्बे समय से कर रखी है। इसी रंजिश में बृहस्पतिवार की शाम नांगल निवासी राशिद पक्ष तथा शान्ति पक्ष में खादर क्षेत्र में झगड़ा हो गया था। शान्ति ने राशिद व एक अज्ञात के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट तथा बीएनएस की धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया है। राशिद को ओर से मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। इस प्रकरण में शनिवार की दोपहर भाकियू (अराजनैतिक) के युवा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष दिगम्बर सिंह राशिद से मिलने पहुंचे। नांगल पंचायत घर पर काफी मुस्लिम भी इकट्ठा थे। दिगम्बर सिंह ने आरोप लगाया कि राशिद के साथ मारपीट वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने कब्जाधारकों से मिलकर कराई है। उल्टे राशिद के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। राशिद जेल जायेगा, तो उसके साथ दिगम्बर भी जेल जायेगा। उन्होंने दोषी वन विभाग वालों पर भी कार्यवाही की मांग की। दिगम्बर ने न्याय न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इसके बाद दिगम्बर सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ खादर क्षेत्र में पहुंचे , जहां वन विभाग की टीम राजगढ़ रेंजर विजेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गन्ने की फसल पर ट्रैक्टर चलाने पहुंची थी। वन विभाग के अधिकारियों का घेराव करते हुए दिगम्बर ने कहा कि विभाग की भूमि में खड़ी गन्ने की फसल को नीलाम क्यों नहीं किया गया? ट्रैक्टर चलाने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है, रात्रि में माफियाओं को गन्ना बेचा जा रहा है। डीएफओ अभिनव राज से फोन पर बात कर कब्जाधारकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने, गन्ने को कब्जे में लेने और दोषी वनकर्मियों को निलम्बित करने की मांग की।

**राजगढ़ के रेंजर विजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को वन विभाग की लगभग 40 बीघा भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया है। यह फसल पूर्व में चिन्हित की गई थी। आने वाले दिनों में विभाग की भूमि पर खड़ी और फसल को भी पैमाइश करके चिन्हित किया जायेगा। इससे पहले रेंजर से किसानों ने पूछा था कि वन विभाग की कितनी भूमि पर अवैध कब्जा है, तो रेंजर ने बताया था कि यह उन्हें मालूम नहीं है। इस पर किसानों ने रेंजर आदि को खूब खरीखोटी सुनाई थी।**

# काटे जा रहे थे आम के हरे भरे पेड़ ग्रामीणों के विरोध के बाद रुका कटान

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर क्षेत्र के ग्राम मोहंडिया के निकट लल्लू सिंह द्वार पर शनिवार देर रात आम के बाग पर आरा चलाया जा रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हरे भरे पेड़ों को अवैध रूप से काटने का आरोप लगा कर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि बाग के पेड़ हरे-भरे व फलदार है, आखिर किस प्रकार हरे भरे पेड़ों का परमिट बना दिया गया। मौके पर ही कुछ ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया, जिसके बाद मौके पर पहुंचे वन दरोगा रुचित चौधरी ने कटान रुकवाया। ग्रामीण राजीव कुमार ने बताया कि कटान की सूचना देने के बाद भी काफी देर तक कटान जारी रहा, फिर ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बाद बिजनौर से आई टीम ने कटान रुकवाया।

## रात में नहीं काटे जायेंगे पेड़

**वन दरोगा रुचित चौधरी ने बताया कि मौके पर जाकर जांच की गई थी। रात में कटान किया जा रहा था, जिसके संदर्भ में किरतपुर निवासी इस्लामुद्दीन के नाम से पेड़ों का परमिट दिखाया गया है। उन्हें हिदायत दी गई कि पेड़ों का कटान देर रात में नहीं किया जाए और जितने पेड़ों का परमिट है, उतने ही पेड़ काटे जायें, यदि उससे ज्यादा पेड़ काटे गए तो कार्यवाही की जाएगी।**

# सांसद चंदन चौहान कल बिजनौर में सुनेंगे जनता की समस्याएं

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंदन चौहान कल



22 दिसम्बर को बिजनौर में वसुंधरा विहार कालोनी स्थित अपने कैम्प कार्यालय संस्कार बैंकट हाल में दोपहर तीन बजे जनता से रू-ब-रू होंगे। सांसद प्रतिनिधि विजय चौहान ने बताया कि सांसद लोगों की समस्यायें सुनकर उनका निस्तारण करायेंगे।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# शिक्षणेत्तर संघ के सम्मेलन में भाग लेंगे शिक्षणेत्तर कर्मी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश सम्मेलन में प्रतिभाग करने बिजनौर जनपद से दो दर्जन शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रतिभाग करने जाएंगे। प्रदेश सम्मेलन 22 व 23 दिसंबर को रवींद्रालय भवन लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। संगठन के जिला मंत्री योगेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनुराग भारद्वाज व जिला कोषाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार ने बताया कि माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के समन्वयक आशादीन तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, महामंत्री संजय पुंढीर, कोषाध्यक्ष अनूप द्विवेदी के नेतृत्व में प्रदेश सम्मेलन व शैक्षिक विचार गोष्ठी लखनऊ के रवीन्द्रालय भवन में आयोजित की गयी है। इस सम्मेलन में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी मुख्य अतिथि तथा महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी व शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा. महेंद्र देव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारियों ने बताया शैक्षिक विचार गोष्ठी व सम्मेलन में प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की लंबित मांगों शिक्षा पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण, पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति, प्रबंध समिति में भागेदारी, पदोन्नति पर 22 वीं का लाभ, पदोन्नति में ट्रिपल सी की अनिवार्यता समाप्त करने आदि पर गहन विचार विमर्श होगा तथा प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री व माध्यमिक शिक्षा मंत्री के समक्ष संघ की ओर से प्रभावी पैरवी कर लंबित मांगों के शासनादेश जारी कराने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से लखनऊ सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

## दो दर्जन कर्मचारी करेंगे कूच

# स्व. जगत सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज, हीमपुर दीपा के हिंदी विषय के पूर्व प्रवक्ता स्व. मा. जगत सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई, जिसमें हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। रतनपुर खुर्द गांव स्थित उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के भाजपा नेता संग्राम सिंह मुख्य वक्ता रहे। वक्ताओं ने उनके जीवन से संबंधित घटनाक्रम को सुनाते हुए उनकी यादें ताजा कीं। हवन-यज्ञ के कटार सिंह शास्त्री ब्रह्मा एवं वरिष्ठ सुपुत्र चौ. भूपेंद्र सिंह इंजीनियर यजमान बने। हवन-यज्ञ में आहुति समर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सूरज सिंह आर्य, कृष्ण पाल आर्य, सुशील शर्मा, विशेष कुमार, दयानाथ सिंह, सुरजीत, पवन चौधरी, मा. दुष्यंत कुमार, सुबोध गुप्ता, वीर सिंह आचार्य, चौ. ओमप्रकाश सिंह, चौ. ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सेंट मैरी स्कूल हल्दौर के वार्षिकोत्सव 'सैलेस्टिया-2025' का भव्य आयोजन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा केजी के वार्षिकोत्सव 'सैलेस्टिया' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फादर फ्रांसिस और विशिष्ट अतिथि के रूप में कुनाल रस्तौगी (बीडीओ/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हल्दौर) तथा फादर सोजन जोसेफ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने सैलेस्टिया थीम पर आकर्षक नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। सैलेस्टिया 2025 के इंचार्ज सर भानुप्रताप सिंह ने कार्यक्रम का संचालन बड़े ही प्रभावी ढंग से किया। प्रधानाचार्या सिस्टर शेनेट ने अपने संबोधन में कहा, बच्चों का समग्र विकास केवल शिक्षा से नहीं, बल्कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भी होता है। ये कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक सिस्टर फिलबी, वाइस-प्रिंसिपल सिस्टर स्टालिन, सिस्टर क्लेरेट, सिस्टर धन्या उपस्थित रहीं। किंडरगार्टन सेक्शन की शिक्षिकाओं ने पूरे आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को कार्यक्रम के लिए तैयार करने में कठिन परिश्रम किया और मंच के पीछे रहकर हर प्रस्तुति को सुचारू रूप से संपन्न करवाया। शिक्षिकाओं की मेहनत और समर्पण से बच्चों



की प्रस्तुतियां और भी प्रभावशाली बन पाई, जिसे उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर सर मनोज, सर ईशप्रिय, सर भानुप्रताप और मैम शिल्पी रहे।




# रोमांचक सेमीफाइनल में उलटफेर, चीनी जोड़ी से हारे सात्विक-चिराग

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए पहला गेम 21-10 से अपने नाम किया, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सकी। एक घंटे तीन मिनट तक चले इस रोमांचक सेमीफाइनल में उन्हें 21-10, 17-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि सात्विक और चिराग ने ग्रुप चरण में इसी चीनी जोड़ी को हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने अहम मौकों पर बेहतर खेल दिखाते हुए मैच पलट दिया।




## भारत का अभियान हुआ समाप्त

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में भारतीय जोड़ी को कोई हार नहीं मिली थी, लेकिन सेमीफाइनल की हार के कारण वे फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने से चूक गए। हालांकि, सात्विक और चिराग ने इस सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में सेमीफाइनल तक पहुंचकर इतिहास रचते हुए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का गौरव हासिल किया।

# टी-20 विश्व कप से पहले फॉर्म में लौट आऊंगा- सूर्यकुमार यादव

**मुम्बई ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी फॉर्म को लेकर कहा है कि मुझे पता कहां गलतियां हो रही हैं। मेरे पास इस पर काम करने के लिए समय है और मैं टी-20 विश्वकप शुरु होने से पहले इससे उबर जाऊंगा। सूर्यकुमार यादव ने एक वर्ष से अधिक समय से नंबर तीन और चार पर बल्लेबाजी करते हुए 22 पारियों में मात्र 12.84 की औसत से रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 117.87 रहा है, जिसमें कोई अर्धशतक नहीं है। उन्होंने हाल ही में घर पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज 12, 5, 12 और पांच के स्कोर के साथ खत्म की और अब भारत के टी-20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने से पहले रन बनाने के लिए उनके पास केवल पांच मैच बचे हैं। यहां मुंबई में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में, जहा भारत ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम की घोषणा की, सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा, यह वाला पैच थोड़ा लंबा हो गया है।





## न्यूजीलैंड ने अंडर-19 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**ऑकलैंड ( एजेंसी/चिंगारी )।** जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड ने टॉम जोन्स की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ( एनजेडसी ) की वेबसाइट के अनुसार ओटागो के ओपनर टॉम जोन्स को टीम का कैप्टन बनाया गया है। जोन्स का यह दूसरा अंडर-19 विश्वकप है। टीम दो जनवरी को अफ्रीका के लिए रवाना होगी। जोन्स ने पिछले महीने ओटागो के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में 119 रन बनाकर अपनी काबिलियत दिखाई थी। टीम में जोन्स के साथ डोमेस्टिक कैप वाले प्लेयर्स में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बैट्समैन स्नेहिथ रेड्डी और विकेटकीपर आर्यन मान, ओटागो के फास्ट बॉलर मेसन क्लार्क और ऑकलैंड के बॉलिंग ऑलराउंडर जसकरण संधू शामिल हैं।

## विश्व स्तरीय भारतीय धावक तैयार करने के लिए और लंबी दूरी की ज्यादा प्रतियोगिताओं की आवश्यकता- रुपिंदर सिंह

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** विश्व स्तरीय भारतीय धावक तैयार करने के लिए अनुशासन के साथ लंबी दूरी की अधिक प्रतियोगिताओं की आवश्यकता है। भारत में लंबी दूरी की दौड़ का आयोजन बहुत कम होता है, जिसके बिना न तो प्रतिभा में निखार आता है और न ही हमारे एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वयं को साबित करने का आत्मविश्वास मिलता है। इसके लिए भारतीय धावकों को विदेशी में होने वाली दौड़ों में अधिक से अधिक हिस्सा लेना चाहिए। देश में उद्योग घरानों द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ लोकप्रिय हो रही हैं। इन्होंने विदेशी धावकों पर भारी पैसा खर्च करके जरूरी रिसोर्स बर्बाद कर दिया हैं, और भारतीय धावकों के समर्थन के लिए लगभग कोई कदम नहीं उठाया गया है। ऐसी स्थिति में, यह कोई हैरानी की बात नहीं है कि भारत का मैराथन रिकॉर्ड 1978 में बना था और 47 सालों से अभी तक टूटा नहीं है। जाने माने धावक शिवनाथ सिंह ने 1978 में जालंधर में 2:12:00 के समय के साथ नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। महिला वर्ग में, रिकॉर्ड ओपी जैशा ने 2015 विश्व चैंपियनशिप में 2:34:43 के समय के साथ बनाया था।



## गिल को नहीं मिली टी-20 विश्वकप टीम में जगह

**मुम्बई ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज और उसके बाद होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप कप 2026 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन और रिंकू सिंह को शामिल किया गया है। हाल ही में चोटिल हुए शुभमन गिल को टीम में जगह नहीं मिल पायी। यहां बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ हुई बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई। टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम से शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में गिल उप-कप्तान थे और चौथे मैच से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इस साल टी-20 में गिल का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ 291 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 24.25 और स्ट्राइक रेट 137.26 रहा और उनके नाम कोई अर्धशतक या शतक नहीं रहा। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाकर झारखंड को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने वाले इशान किशन की भारतीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ 10 पारियों में 57.32 की औसत से 517 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 197.32 रहा। उन्होंने दो अर्धशतक और दो शतक बनाये, जिसमें हरियाणा के खिलाफ फाइनल में जड़ा गया शतक (49 गेंदों पर 101 रन) भी शामिल है। चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम दो टी-20 से बाहर होने वाले अक्षर पटेल को अब उप-कप्तान बनाया गया है। वहीं एशिया कप में विजयी शॉट लगाने वाले रिंकू सिंह विश्व कप के लिए मुख्य टीम में वापस आ गए हैं। वॉशिंगटन सुंदर भी इस बार मुख्य टीम का हिस्सा हैं। यही टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी खेलेगी। संजू सैमसन के अलावा किशन टीम के दूसरे विकेटकीपर होंगे। टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करेंगे, जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा अन्य दो तेज गेंदबाज हैं। स्पिनरों में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव शामिल हैं।




# विजय हजारे टूर्नामेंट में मुम्बई के लिए दो मैच खेलेंगे रोहित शर्मा

**मुम्बई ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय एकदिवसीय टीम के धाकड़ बल्लेबाजों में शुमार रोहित शर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शार्दुल ठाकुर मुम्बई टीम की कप्तानी करेंगे।

टीम में सरफराज खान, मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल हैं। इसके अलावा टीम में कई नए चेहरे शामिल किए गए हैं। 2019 में इंडिया इमर्जिंग के लिए चार लिस्ट ए मैच खेलने वाले चिन्मय सुतार को टीम में जगह मिली है, साथ ही बल्लेबाज ईशान मुलचंदानी और तेज गेंदबाज ओंकार तरमाले को भी शामिल किया गया है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की नीलामी में ओंकार तरमाले को खरीदा था। जाने-पहचाने चेहरों में, सिद्धेश लाड, विकेटकीपर हार्दिक तमोरे और स्पिन जोड़ी शम्स मुलानी और तनुष कोटियन शामिल हैं। टीम में अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल और आयुष म्हात्रे नहीं है।



टूर्नामेंट में मुंबई ग्रुप सी में है। मुम्बई 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। दो दिन बाद, वे उत्तराखंड का सामना करेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), रोहित शर्मा (दो मैच), ईशान मुलचंदानी, मुशीर खान, अंगकृष रघुवंशी, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, चिन्मय सुतार, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, ओंकार तरमाले, सिल्वेस्टर डिसूजा, साईराज पाटिल और सूर्यांश शेडगे।

# प्रवासी उत्तराखण्डी, राज्य की संस्कृति के सच्चे ब्राण्ड अम्बेसडर : सीएम धामी

## नोएडा में 15वें उत्तराखंड महाकौथिक का भव्य आयोजन

**नैनीताल ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश में पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित 15वें उत्तराखंड महाकौथिक, नोएडा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी नागरिक, कलाकार, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हुए भी उत्तराखंडी समाज द्वारा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और पहचान को जीवंत बनाए रखना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी राज्य की संस्कृति के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर हैं, जो राज्य से दूर रहकर भी अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 15 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा उत्तराखंड महाकौथिक लोक कला, लोक संगीत, पारंपरिक विरासत और पहाड़ी उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने का एक सशक्त मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि महाकौथिक में पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प, कारीगरी, जैविक उत्पादों और पहाड़ी व्यंजनों के साथ-साथ जागर, बेड़ा, मांगल, खुदेड़, छोपाटी जैसे लोकगीतों तथा छोलिया, पांडव और झोड़ा-छपेली जैसे लोकनृत्यों के माध्यम से उत्तराखंड की जीवंत लोकसंस्कृति के विविध रूप सजीव रूप में देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए इसकी अवधि को पांच दिनों से बढ़ाकर सात दिन किया जाना इसकी सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर देश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। केदारखंड और मानसखंड मंदिर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण, हरिपुर कालसी में यमुनातीर्थ के पुनरुद्धार, हरिद्वार-ऋषिकेश और शारदा कॉरिडोर, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड, ऑल वेदर रोड, भारतमाला, पर्वतमाला और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना जैसी योजनाओं से राज्य के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'एक जनपद, दो उत्पाद', 'हाउस ऑफ हिमालयाज', स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम-स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी कई प्रभावी पहल की जा रही हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्यों में देश में प्रथम स्थान, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी प्राप्त की है। इसके साथ ही किसानों की आय वृद्धि और मत्स्य विकास में भी राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है।

## पंचायत के कार्यों को ऑफलाइन संपादित कराने की मांग

### सांसद को भेजा मांग पत्र

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रिखणीखाल ब्लाक के ग्राम पंचायत कांडा की प्रधान विनीता ध्यानी ने ग्राम पंचायतों में हो रहे कार्यों को ऑफ लाइन करवाने की मांग की है। कहा कि रिखणीखाल ब्लाक की कई ग्राम पंचायतों में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है। इस कारण सभी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में शुक्रवार को गढ़वाल लोक सभा सांसद अनिल बलूनी को भेजे पत्र में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में रिखणीखाल ब्लाक की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा सहित अन्य कार्य किये जा रहे हैं, लेकिन क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क के ठीक तरह से कार्य न करने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों और काम में लगे लोगों को कई किमी. दूर जाकर कार्यों का संपादन करना पड़ रहा है। इस कारण सभी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि इन कार्यों को ऑफलाइन संपादित भी किया जा सकता है। ज्ञापन में उन्होंने सांसद से सर्वहित में पंचायत के कार्यों को आफलाइन संपादित करवाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित करने की मांग की है।

## बाल अधिकार एवं सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सहयोग से शनिवार को कोटद्वार स्थित नगर निगम प्रेक्षागृह में बाल अधिकार एवं सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय जन-जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यशाला में पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच, मानव तस्करी, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, पोक्सो अधिनियम, ओटीपी साझा न करने तथा नशा व ड्रग्स के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही छात्रों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया तथा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु मानस हेल्पलाइन-1933 और साइबर अपराध सहायता हेतु साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 की जानकारी दी गई। इसके साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, डायल-112, उत्तराखण्ड पुलिस ऐप एवं गौरा शक्ति ऐप के बारे में भी बताया गया। अंत में प्रश्नोत्तरी आयोजित कर सही उत्तर देने वाले बच्चों का पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

## ठंड ने कंपकंपी बढ़ाई

### जरूरतमंदों को बांटी रजाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को आर्य समाज उदयरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में 15 जरूरतमंद लोगों को रजाई वितरित की गई। आर्य समाज उदयरामपुर के प्रधान मोहन सिंह भारती की अध्यक्षता एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र लाल आर्य के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अब क्षेत्र में ठंड अपनी तेजी दिखा रही है। इस मौसम में भी कई लोग गर्म कपड़ों से वंचित रह जाते हैं, इसलिए ट्रस्ट की ओर से ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनकी मदद की जाती है। सेवानिवृत्त रेंजर राजेंद्र प्रसाद पंत ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से इस तरह की मदद लंबे समय से दी जा रही है। समाजसेवी शूरवीर खेतवाल व बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय हल्दूखाता की सह संस्थापक मंजू रावत ने कहा कि सम्पन्न लोगों को जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान समाजसेवी इंदु नौटियाल, सरोज देवी, सरस्वती नेगी, आशा देवी, आशीष कुमार, सुरेंद्र सिंह व मनोज सिंह सहित ट्रस्ट से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

## ठंड से करें बचाव, चौराहों पर जलवायें अलाव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार शहर और भाबर के समूचे ग्रामीण अंचल में लगातार दो दिन से कोहरा छाने के कारण पारा गिरने से कंपकंपी बढ़ गई है, इससे लोगों को घरों में ही रहने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं लोगों ने मुख्य चौराहों समेत प्रमुख जगहों पर अलाव जलाने की मांग की है। गुरूवार से कंपकंपा देने वाली ठंड शुक्रवार को भी दिन भर महसूस की गई, वहीं शनिवार को भी धूप नहीं निकलने से ठंडक का एहसास होता रहा। घना कोहरा छाने के कारण भाबर के जशोधरपुर और सिगड्डी ग्रोथ सेंटर के कर्मचारियों को वाहनों की लाइट जलाकर आवागमन करना पड़ा। प्राथमिक चिकित्सालय झंडीचौड़ में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि बिष्ट ने सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने, आवश्यकता अनुसार पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

## उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन संशोधन का अजा-जजा शिक्षकों ने किया विरोध

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने उत्तराखंड शासन द्वारा 18 दिसंबर 2025 को उत्तराखंड सरकारी सेवक वेतन (प्रथम संशोधन) नियम 2025 जारी कर वेतन नियमावली 2016 के नियम-13 में किये गये संशोधन को शिक्षकों के हितों के विपरीत बताया है। कहा कि प्रोन्नत व चयन वेतनमान की व्यवस्था पदोन्नति नहीं, बल्कि मात्र समयबद्ध वेतन उन्नयन है, जिसमें न तो पद परिवर्तन होता है और न ही कोई अतिरिक्त दायित्व अथवा प्रशासनिक अधिकार प्रदान किए जाते हैं। शनिवार को यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अन्य विभागों में समान परिस्थितियों में लागू एसीपी व एमएसीपी व्यवस्था के अंतर्गत वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाता है, जबकि शिक्षा विभाग को इससे पृथक रखा गया है। वहीं वेतन नियमावली में संशोधन शिक्षकों की सीमित पदोन्नति संभावनाओं और दीर्घकालीन सेवा ठहराव की उपेक्षा करता है तथा उनके मनोबल एवं कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। कहा कि एसोसिएशन इस निर्णय का विरोध करती है एसोसिएशन सरकार से उक्त संशोधन को वापस लेने की मांग करेगी अन्यथा की स्थिति में एसोसिएशन उच्च न्यायालय में वाद दायर करेगी।

## गणित सर्कल व साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**कोटद्वार( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक के पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में गणित सर्कल, साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य नारायण सिंह नेगी व वर्तमान प्रधानाचार्य युगजीत सेमवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात गणित सर्कल के अंतर्गत गणित क्विज, सुडोकू, मध्य गेम और स्मृति परीक्षण का आयोजन किया गया। गणित विशेषज्ञ के तौर पर मौजूद मुख्य अतिथि नारायण सिंह नेगी ने छात्र-छात्राओं को गणित विषय का महत्व, दैनिक जीवन में उपयोग एवं विषय की रोचकता से अवगत कराया, वहीं आर.के. बौंठियाल द्वारा गणित विषय को किस प्रकार से रुचिकर बनाया जाए एवं छात्र-छात्राएं खेल-खेल में गणित विषय को कैसे समझ सकते हैं, विषय पर व्याख्यान दिया गया। साइबर एवं सड़क सुरक्षा पर जानकारी देते हुए सब इंस्पेक्टर सुमनलता एवं सब इंस्पेक्टर किशन दत्त शर्मा ने साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा विषय से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को दी, उन्होंने आजकल होने वाले विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम, साइबर ठगी और उससे बचने के उपाय भी छात्र-छात्राओं को बताए। इस अवसर पर विद्यालय की पी.टी.ए. अध्यक्षा सुधा देवी, एस.एम.सी. अध्यक्षा सुषमा रावत एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## भेल ठेका कर्मी ने फांसी लगाकर जान दी

**हरिद्वार ( चिंगारी )। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि युवक कर्ज से परेशान था। युवक भेल ठेका कर्मी था। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि भेल सेक्टर 5 में कमरे के अंदर एक युवक ने फांसी लगा ली है। शव को फंदे से नीचे उतारा गया। मृतक की पहचान राहुल 32 पुत्र रामपाल निवासी भेल सेक्टर 5 बी के रूप में हुई। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। इंस्पेक्टर शांति कुमार गंगवार ने बताया कि जांच में सामने आया कि युवक पर काफी कर्ज हो गया था। इसी वजह से वह परेशान चल रहा था। संभवत: इसी वजह से उसने आत्महत्या की है। उसके पिता भी भेल में ही कार्यरत बताए गए हैं।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## शोक-सन्देश
### रस्म पगड़ी/तेरहवीं




अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**श्रीमती निर्मला जैन**
(पत्नी श्री अशोक कुमार जैन उर्फ हास्य कवि हुक्का बिजनौरी)
का निधन दिनांक 16 दिसम्बर 2025 दिन मंगलवार को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। रस्म तेरहवीं ( पगड़ी ) **दिनांक 22 दिसम्बर 2025 दिन सोमवार को जैन धर्मशाला, बिजनौर में** निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है-

**ब्रह्मभोज..................दोपहर 12 बजे**
**रस्म पगड़ी ........... दोपहर 2 बजे**

-शोकाकुल-
दर्पण जैन ( बॉबी )-वैदिका जैन ( पुत्र-पुत्रवधू )
दीपाली जैन- विकास कुमार जैन ( पुत्री-दामाद )
संजोग जैन ( रिंकू ) पुत्र, अनमोल-रजत ( धेवते ),
चिराग जैन, कविश जैन ( पौत्र ), मंथन ( प्रधेवता )
निवास- नीलकमल रोड, नई बस्ती, बिजनौर
मो. 9837209488, 9927113738

# नये साल पर दहलाने की साजिश : पठानकोट के रास्ते पाक आतंकी घुसपैठ की फिराक में



पठानकोट में घुसपैठ करने की फिराक में हैं।

पठानकोट(एजेंसी/चिंगारी)। पाकिस्तान एक बार फिर नये साल पर पंजाब में दहशत फैलाने की योजना बना रहा है। उसने पंजाब के रास्ते घुसपैठ कराने के लिए आतंकियों को तैयार कर लिया है और उनकी मदद के लिए सीमा क्षेत्र के अपने स्लीपर सैल एक्टिवेट कर दिये हैं। खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर पंजाब पुलिस ने गंदला लाहड़ी क्षेत्र से आतंकियों के संदिग्ध मददगार बिल्लू गुज्जर को हिरासत में लिया है। दूसरा व्यक्ति नजाकत हुसैन फिलहाल लापता है। उसकी तलाश की जा रही है। एसएसपी दलजिंदर सिंह ने बताया कि बिल्लू को संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। फिलहाल अन्य आरोपों के संबंध में जांच जारी है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में बैठे आतंकी संगठन एक बार फिर पठानकोट में बड़ा हमला करने की साजिश रच रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि खुफिया एजेंसियों के मुताबिक कुछ आतंकी जम्मू-कश्मीर और पठानकोट में घुसपैठ करने की फिराक में हैं। इन आतंकियों का उद्देश्य पठानकोट एयरबेस, रेलवे स्टेशन और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर हमला करना है। इस साजिश का मास्टरमाइंड पाकिस्तानी नागरिक मुजफर अहमद है, जो पठानकोट में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आतंकी नेटवर्क चला रहा है। एजेंसियों को यह इनपुट भी प्राप्त हुआ है कि यह हमला नये साल की पूर्व संध्या यानी 25-31 दिसंबर के बीच हो सकता है। इन आतंकियों ने संचार के लिए वर्चुअल नंबरों का इस्तेमाल किया है, जिससे उनकी पहचान में मुश्किलें आ रही हैं। खुफिया एजेंसियों ने दो प्रमुख इनपुट साझा किए हैं। पहली जानकारी में बताया गया था कि 17-18 दिसंबर की रात तीन आतंकी अपने स्थानीय मददगारों बिल्लू गुज्जर और नजाकत हुसैन की मदद से पठानकोट में घुसपैठ करेंगे।






यूपी एसटीएफ का बड़ा एक्शन...
## 2 वॉन्टेड बदमाशों का एनकाउंटर

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी एसटीएफ के मुख्यालय की टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने 20-21 दिसंबर की रात एनकाउंटर के बाद 1 लाख के इनामी बदमाश सिराज अहमद को गिरफ्तार किया है। फिलहाल एसटीएफ की गोली लगने से बदमाश घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस टीम ने बुलंदशहर के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में 50 हजार के इनामी आजाद उर्फ जुबैर को एनकाउंटर में ढेर किया है। पुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली देहात व थाना गुलावठी पुलिस टीम द्वारा 50 हजार के इनामी बदमाश का एनकाउंटर किया गया। पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया था, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। उसके पास से अवैध असलहा(पिस्टल), कारतूस एवं बाइक बरामद की गई है। एसटीएफ की टीम को सूचना मिली थी कि जनपद सुल्तानपुर से हत्या के अभियोग में वांछित व 1 लाख का इनामी बदमाश सिराज अहमद सहारनपुर में किसी वारदात को अंजाम देने आ रहा है। जिसके बाद टीम ने जाल बिछाया और उसके पंजाब-हरियाणा बॉर्डर से आने के बाद सहारनपुर के गंगोह थाना क्षेत्र में घेराबंदी की थी।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911